▪ वैशाख शुक्ल - 12 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 290 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 19-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने खेल का संतुलन बिगाड़ा : विराट कोहली

6 जगन्नाथ विजयराघवन: आखिरी सांस तक की अपने साथी और विमान को बचाने की कोशिश

7 मिस्टर एंड मिसेज माही दिखाना चाहती हैं जान्हवी कपूर

## फर्स्ट टेक

### लोकसभा चुनाव: 8,889 करोड़ रुपए मूल्य की नकदी, मादक पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली/भाषा।** निर्वाचन आयोग ने शनिवार को कहा कि अधिकारियों ने 8,889 करोड़ रुपए की नकदी, मादक पदार्थ और उपहार जब्त किए हैं, जिसका उद्देश्य मौजूदा लोकसभा चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करना था। आयोग ने कहा कि 3,959 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए। इसने कहा कि मादक पदार्थ, शराब, मुफ्त की चीजें और नकदी अलग-अलग स्तर पर चुनावों को प्रभावित करते हैं। आयोग ने कहा कि उसने मादक पदार्थों की जब्ती पर विशेष जोर दिया है। आयोग ने कहा कि गुजरात आतंकवाद-निरोधी दस्ते, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो और भारतीय तटरक्षक ने संयुक्त अभियान में केवल तीन दिन में 892 करोड़ रुपए की तीन उच्च मूल्य वाले मादक पदार्थों को जब्त किया है। इसने कहा कि 849.15 करोड़ रुपए की नकदी, 814.85 करोड़ रुपए की शराब, 3,958.85 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ और 1,260.33 करोड़ रुपए की कीमती धातुएं जब्त की गई हैं।

### अमेरिका में तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो सकता है : ट्रम्प

**वाशिंगटन/एजेन्सी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जतायी है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में शुक्रवार को कहा, जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है। हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह से देश को चलाने वाले लोग है, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है।' ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और ना ही महंगाई बढ़ती।

### 'इज़रायली सेना ने पूर्वी रफ़ा में 130 आतंकवादियों को मार गिराया'

**यरुशलम/एजेन्सी।** इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दक्षिणी गाजा पट्टी के पूर्वी राफा में लक्षित अभियानों में 130 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है। आईडीएफ ने शनिवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी। आईडीएफ के बयान के अनुसार अभियान के हिस्से के रूप में गिवती पैदल सेना ब्रिगेड ने क्षेत्र में 80 से अधिक आतंकवादियों को मार डाला और कई राइफलें, हथगोले और गोला-बारूद बरामद किए।

| | |
|---|---|
| 19-05-2024 सूर्यास्त 6:28 बजे | 20-05-2024 सूर्योदय 5:42 बजे |
| BSE 74,005.94 (+342.22) | NSE 22,502.00 (+62.25) |
| सोना 7,505 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 90,700 रु. प्रति किलो |

**स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में**

# केजरीवाल का सहयोगी बिभव कुमार गिरफ्तार

**आप का दावा - मालीवाल को भाजपा ने किया 'ब्लैकमेल'**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि 'आप' ने दावा किया कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 'ब्लैकमेल' किया है क्योंकि वह भ्रष्टाचार के एक मामले का सामना कर रही हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुमार को दिल्ली पुलिस की एक टीम ने दोपहर में मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया। एक दिन पहले, मालीवाल ने तीस हजारी अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था।

मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने गई थीं तब उनके सहयोगी कुमार ने उनपर पूरी ताकत से प्रहार किया, उन्हें थप्पड़ मारा तथा छाती एवं पेट पर लात से मारा।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुमार को शनिवार को मुख्यमंत्री आवास से गिरफ्तार किया गया, जहां वह सुबह केजरीवाल से मिलने गए थे। उन्होंने कहा, उन्हें एक अदालत में पेश किया जाएगा तथा पुलिस उनसे और पूछताछ करने के लिए उन्हें हिरासत में देने का आग्रह करेगी।

## गरुड़ प्रशिक्षु



पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ वायु कर्मचारी अधिकारी एयर मार्शल पीके वोहरा शनिवार को नई दिल्ली में गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर, वायु सेना स्टेशन चांदीनगर में सफल गरुड़ प्रशिक्षुओं को मैरून बेरेट, गरुड़ प्रवीणता बैज और विशेष बल टैब प्रदान करते हुए।

# कांग्रेस को अनुच्छेद 370 को बहाल करने का सपना भूल जाना चाहिए : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सोनीपत (हरियाणा)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर एक बार फिर निशाना साधते हुए कहा कि उसे अनुच्छेद 370 को वापस लाने का ''सपना'' भूल जाना चाहिए, क्योंकि इसे कब्रिस्तान में दफना दिया गया है।

हरियाणा में दिन की अपनी दूसरी रैली को गोहाना में संबोधित करते हुए मोदी ने लोकसभा चुनावों को कुरुक्षेत्र कहा, जिसमें एक तरफ विकास है और दूसरी तरफ 'वोट जिहाद' है। स्थानीय लोगों के साथ तालमेल बिठाते हुए, मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधने के लिए गोहाना की प्रसिद्ध मातूराम की जलेबी का जिक्र किया।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि उनके पास सत्ता में आने पर पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने का फॉर्मूला है। प्रधानमंत्री ने कहा, उनसे पूछिए क्या प्रधानमंत्री पद हमारी मातूराम की जलेबी है। उन्होंने कहा, वर्ष 2024 के 'कुरुक्षेत्र' में एक तरफ विकास है और दूसरी तरफ 'वोट जिहाद' है। मैं हरियाणा के लोगों से पूछना चाहता हूं... कौन जीतेगा? उन्होंने कहा, फिर एक बार, इस पर वहां मौजूद भीड़ ने कहा, मोदी सरकार।

इस पर मोदी ने कहा, आपके जवाब ने फैसला कर दिया है।

मोदी ने कहा कि अब कांग्रेस अपने देश-विरोधी एजेंडे को छिपा भी नहीं रही है। वे खुलेआम कह रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो मोदी के 10 साल के कामकाज को पलट देंगे। उन्होंने कहा कि लेकिन अनुच्छेद 370 को वापस लाने का उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा। उन्होंने कहा, वे कह रहे हैं कि हम कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल करेंगे... इसका मतलब है कि घाटी में एक बार फिर आतंकवाद और रक्तपात की खुली छूट। उन्होंने कहा, हरियाणा की वीर भूमि से मैं कांग्रेस से जुड़े लोगों से कहना चाहता हूं कि कश्मीर में अब केवल तिरंगा लहराएगा। कश्मीर में 370 वापस लाने का सपना भूल जाओ। और अगर आप ऐसा करने की कोशिश करते हैं तो लेने के देने पड़ जाएंगे। उन्होंने कहा, धारा 370 की बाधा हमने कब्रिस्तान में गाड़ दी है...।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस 10 साल से सत्ता से बाहर है और इसलिए वह घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि वे अपने पुराने दिनों को याद कर रहे हैं जब शाही परिवार रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाता था। उन्होंने कहा कि सारी सरकारी योजनाएं एक ही परिवार के नाम पर होती थीं और भ्रष्टाचार भी होता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान सीमा पर गोलीबारी और संघर्ष विराम उल्लंघन नियमित रूप से सुर्खियों में रहते थे।

## चिनूक हेलीकॉप्टर का मॉडल गायब होने की खबर गलत: रक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली/वार्ता।** रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर चिनूक के मॉडल के लखनऊ में गायब होने की खबरों का खंडन किया है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट कर मीडिया में इस संबंध में आई खबर को भ्रामक बताते हुए इसका खंडन किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में 2020 में आयोजित रक्षा प्रदर्शनी से चिनूक हेलीकॉप्टर के मॉडल के गायब होने की खबर भ्रामक है। अमेरिकी कंपनी चिनूक हेलीकॉप्टर बनाती है और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लखनऊ में कभी भी इस हेलीकॉप्टर का मॉडल न तो प्रदर्शनी में लगाया और न ही इसका प्रदर्शन किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि रक्षा प्रदर्शनी 2020 में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई और इस प्रदर्शनी के दौरान कोई भी उत्पाद या मॉडल गायब नहीं हुआ।

# मोदी मेरे सवालों से डरते हैं इसलिए बहस नहीं करते : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए शनिवार को कहा कि मोदी उनके सवालों से डरते हैं इसलिए उनसे बहस करने के लिए तैयार नहीं है।

गांधी ने आज यहां चांदनी चौक से पार्टी के उम्मीदवार जे पी अग्रवाल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा,कुछ बड़े पत्रकारों ने मुझे और नरेंद्र मोदी जी को चिट्ठी लिखी और कहा कि लोकतंत्र में एक डिबेट होनी चाहिए। उन्होंने मोदी से कहा कि आपको राहुल गांधी से डिबेट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह मोदी से बहस के लिए कभी भी और कहीं भी तैयार हैं लेकिन वह जानते हैं कि उनके तीखे सवालों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री बहस के लिए तैयार नहीं होंगे। गांधी ने कहा, मैं मोदी से डिबेट के लिए किसी भी वक्त तैयार हूं लेकिन नरेंद्र मोदी मुझसे डिबेट नहीं करेंगे। क्योंकि अगर वे डिबेट करने आए, तो मैं उनसे पूछूंगा आपका अडानी से क्या रिश्ता है। आप इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर 'चंदे का धंधा' क्यों चला रहे हैं। आप किसानों के खिलाफ काले कानून क्यों लेकर लाए। कोरोना में जब लोग मर रहे थे, आपने थाली बजाने के लिए क्यों कहा। आपने शी जिनपिंग को झूले पर झुलाया तो उसकी सेना ने हिंदुस्तान की जमीन पर कब्जा कैसे कर लिया। आप अग्निवीर योजना क्यों लेकर आए।

उन्होंने मीडिया पर भी हमला किया और कहा कि वह चांदनी चौक के आम लोगों की बात पर चर्चा नहीं करते हैं और ना ही उस पर खबर बनाते हैं। उन्होंने कहा,मीडिया के साथियों, आप किसानों, छोटे व्यापारियों, युवाओं, मजदूरों के मित्र नहीं हैं।

# इसरो प्रमुख ने मंदिरों में पुस्तकालय स्थापित करने की हिमायत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मंदिरों में पुस्तकालय स्थापित करने की हिमायत करते हुए शनिवार को कहा कि इस तरह की पहल युवाओं को उपासना स्थलों पर लाने में मदद करेगी।

केरल की राजधानी स्थित श्री उदियानूर देवी मंदिर द्वारा शुरुआत किए गए एक पुरस्कार ग्रहण करने के बाद सोमनाथ ने कहा कि मंदिर केवल ऐसे स्थान नहीं होने चाहिए जहां बुजुर्ग भगवान का नाम जपने के लिए आएं, बल्कि इसे समाज में परिवर्तन लाने का स्थान भी बनना चाहिए। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से युवाओं को मंदिरों के प्रति आकृष्ट करने का आग्रह किया। उन्होंने इसरो के पूर्व अध्यक्ष जी. माधवन नायर से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, मुझे उम्मीद थी कि इस पुरस्कार वितरण समारोह में बड़ी संख्या में युवा आएंगे, लेकिन उनकी संख्या काफी कम है। मंदिर प्रबंधन को उन्हें मंदिरों के प्रति आकृष्ट करने की दिशा में काम करना चाहिए। मंदिरों में पुस्तकालय क्यों नहीं बनाए जाएं? सोमनाथ ने कहा कि इस तरह की पहल से युवाओं को मंदिरों के प्रति आकर्षित करने में मदद मिलेगी, जहां वे अध्ययन कर सकते हैं, शाम में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं और अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर मंदिर प्रबंधन इस दिशा में काम करेगा तो इससे बड़े बदलाव आएंगे।

# हरियाणा में बस में आग लगने से नौ लोगों की मौत, 15 घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुरुग्राम/भाषा।** हरियाणा के नूंह जिले में ताउरू के पास शुक्रवार देर रात चलती बस में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की जलने से मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

यह घटना कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर देर रात करीब दो बजे हुई।

पुलिस ने बताया कि बस में लगभग 60 लोग सवार थे और सभी पंजाब के होशियारपुर और लुधियाना के रहने वाले थे। ये लोग मथुरा-वृंदावन से लौट रहे थे। उसने बताया कि सभी लोग आपस में सगे-संबंधी हैं।

सदर ताउरू के थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया, दुर्घटना में छह महिलाएं और तीन पुरुष, कुल नौ लोगों की मौत हो गई। 15 लोग घायल हो गए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चला है। जांच जारी है। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि कुछ लोगों ने बस में आग लगी देखी और वाहन का पीछा कर चालक को बस रोकने को कहा। उन लोगों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को भी घटना की जानकारी दी।

## मिशन मंडेला

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### ये पब्लिक है

संकेतों का विश्लेषण कर,
समझे हम जन मन की भाषा।
शब्दों की सिर्फ जुगाली से,
ना मिटती भूखों की आशा।
हर बार सफल ना हो सकता,
शकुनि के पाशों का पाशा।
जनसेवक केवल जुमलों से,
जनता को ना दे सकते झाँसा।।

# पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है व हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ललितपुर/एजेन्सी।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर में शनिवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे।

यहां झांसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र के पांचवें चरण में 20 मई को होने वाले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा के समर्थन में तुवन मंदिर परिसर में जन सभा को सम्बोधित करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि पाकिस्तान को सम्मान दो उनके पास एटम बम है व उनसे पीओके मत मांगों लेकिन पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है व रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे, यह नरेंद्र मोदी की सरकार है व हम एटम बम से नहीं डरते हैं। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव के 4 चरण समाप्त हो चुके हैं व मोदी जी 270 सीटें लेकर ट्रिपल सेंचुरी की ओर आगे बढ़ गए हैं व राहुल बाबा के इंडी अलायंस का सूपड़ा साफ हो गया है, अब यह निश्चित हो गया कि मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा इस चुनाव में एक तरफ 12 लाख करोड़ का घपला करने वाली राहुल बाबा एंड कंपनी है व निमंत्रण देने के बाद भी यह श्रीराम कि प्राण प्रतिष्ठा में नहीं पहुंचे दूसरी ओर 10 साल काम करने करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी हैं, वहीं दूसरी ओर चांदी के चम्मच लेकर पैदा होने वाले राहुल बाबा और अखिलेश हैं, एक ओर गोली चलाने वाली समाजवादी पार्टी है, दूसरी ओर राम मंदिर बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी है ।

# मोदी के शासन के तहत सैनिक, सीमाएं सुरक्षित हैं : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा के शासन के तहत देश की सीमाएं एवं सैनिक सुरक्षित हैं। उन्होंने साथ ही आरोप लगाया कि कांग्रेस का ''हाथ'' हमेशा ही विदेशी शक्तियों के साथ है।

ठाकुर ने हमीरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में दो जनसभाओं को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, ''मोदी के शासन के तहत हमारी सेना और मजबूत हो गई है, इसका मनोबल बढ़ गया है और सीमाएं मजबूत हुई हैं, जबकि कांग्रेस के शासन के दौरान कुछ भी सुरक्षित नहीं था।''

ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधा और उसके चुनाव चिह्न का उल्लेख करते हुए कहा, ''कांग्रेस का 'हाथ' हमेशा ही विदेशी ताकतों के साथ रहा है। इसने हजारों एकड़ जमीन दुश्मनों को सौंप दी और यहां तक कि आज, जब हमारे सैनिक डोकलाम में अपनी बहादुरी दिखा रहे हैं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी चीन के अधिकारियों से मिल रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मारा, तो ये लोग सबूत मांग रहे थे। आज भी जब चुनाव करीब है तो ये लोग कह रहे हैं कि भारत के परमाणु हथियार खत्म कर देने चाहिए।''

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, इस चुनाव में कुछ प्रश्न मन में उठे कि, देश, धर्म और संस्कृति में कैसा सम्बन्ध है ? इनमें प्राथमिकता क्रम में कौन किस पर आश्रित है ? व्यवहार में नैतिकता कैसे निर्धारित होती है ? क्या अध्यात्म इन सबसे संबंधित ही नहीं है ? या, इन सबके बिना अध्यात्म कुछ भी नहीं है? कृपया मार्ग दर्शन करें।

**उत्तर:** अध्यात्म परम यथार्थ है वह चैतन्य की निरपेक्ष अवस्था है इसीलिए उसे सनातन या, साक्षी या सनातन-साक्षी कहा जाता है। सब कुछ उससे ही है और उसी में है उससे बाहर कुछ नहीं है।जिसकी दृष्टि ऐसा नहीं देख पाई उसकी दृष्टि का अभी परम आध्यात्मिक होना शेष है जबकि, आध्यात्मिक मार्ग दर्शन पाना निरपेक्ष नहीं, सापेक्ष होता है जो कि,आश्रित अपने आश्रयदाता से प्राप्त करते हैं इसलिए आश्रय सदैव संदर्भ-सापेक्ष होता है। उदाहरण के लिए आपके पाँचों प्रश्न मानवी चेतना के सापेक्ष हैं यद्यपि आपने अपने प्रश्न में कहीं भी मनुष्य का ज़िक्र नहीं किया है। पर, इनमें से यदि मनुष्य को हटा दें तो सारे प्रश्न निरर्थक हो कर शब्दों का ढेर भर रह जाएँगे। दृष्टि निर्मल होनी चाहिए वही नैतिकता का आधार है। उसी निर्मल, विमल-विवेक दृष्टि से किया जाता हुआ व्यवहार, क्रमशः धर्म, संस्कृति और देश बनता है। लेकिन, देश ही न हो तो संस्कृति कहाँ रहेगी ? धर्म कहाँ रहेगा? क्योंकि वर्तमान में सभी मनुष्य किसी न किसी देश में ही तो रहते हैं। व्यवहार में कृपया अमूर्त और निरपेक्ष तथा मूर्त और सापेक्ष के अंतर्संबंध को यथावत जानें ।जोकि आध्यात्मिक दृष्टि में ही सम्भव है। दृष्टि चरित्र पर आश्रित है। इसलिए चुनाव सदैव श्रेष्ठ चरित्र का वरेण्य है।

## प्रचार



झारखंड के गिरिडीह जिले में शनिवार को एक चुनाव प्रचार रैली में गांडेय विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए झामुमो उम्मीदवार कल्पना सोरेन मुर्मू।

# सावरकर चुनावी मुद्दा नहीं, मोदी ने की मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश : पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि विनायक दामोदर सावरकर कोई चुनावी मुद्दा नहीं हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां अपनी प्रचार रैली के दौरान उनके बारे में बात करके लोगों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश की।

मोदी ने शुक्रवार को यहां अपने भाषण में पवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से यह वादा लेने की चुनौती दी कि वह दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी और हिंदुत्व विचारक की फिर कभी आलोचना नहीं करेंगे।

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पवार ने कहा, सावरकर कोई चुनावी मुद्दा नहीं हैं और राहुल ने (हाल ही में) उनके बारे में कुछ नहीं कहा है। लेकिन मोदी का भाषण विभाजनकारी और भड़काने वाला, ध्रुवीकरण करने वाला था। मैंने ऐसा प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा।

राहुल गांधी ने अक्सर सावरकर पर निशाना साधते हुए दावा किया है कि जब उन्हें अंडमान द्वीप पर कैद किया गया था तो उन्होंने ब्रिटिश शासकों की मदद की और दया याचिकाएं लिखीं।

# मनोज तिवारी ने मुझ पर हमला कराया क्योंकि लोग अब उन्हें स्वीकार नहीं कर रहे हैं: कन्हैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने शनिवार को दावा किया कि मौजूदा सांसद मनोज तिवारी ने उन पर हमला कराया क्योंकि उन्हें यह एहसास हो गया है कि इस निर्वाचन क्षेत्र के लोग अब उन्हें स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपने प्रतिद्वंद्वी तिवारी के खिलाफ कुमार का यह आरोप कुछ लोगों द्वारा उन पर कथित तौर पर हमला करने और स्याही फेंकने के एक दिन बाद आया है। न्यू उस्मानपुर इलाके में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय के बाहर यह घटना उस समय हुई थी, जब वह स्थानीय पार्षद छाया शर्मा के साथ पार्टी की बैठक में शामिल होने के बाद बाहर निकल रहे थे।



कुमार ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए तिवारी पर अफवाहों और छेड़छाड़ की गई वीडियो के जरिए लोगों को उनके खिलाफ भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जब से मुझे उत्तर-पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया है, वह (तिवारी) खुद के द्वारा किए गए कार्यों को बताने के बजाय लगातार झूठ बोल रहे हैं और आम लोगों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा सांसद के पास पिछले 10 वर्ष की उपलब्धियां दिखाने के लिए 10 परियोजनाएं भी नहीं हैं।

कुमार ने आरोप लगाया, मुझे लगता है कि कहीं न कहीं उन्हें यह विश्वास होने लगा है कि शायद क्षेत्र की जनता उन्हें स्वीकार नहीं कर रही है। इसीलिए हम उत्तर- पूर्वी दिल्ली के लोगों की ओर से जो सवाल उठा रहे हैं, उनका जवाब देने के बजाय वह इस तरह के हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन पर हुए 'हमले' के बाद देशभर के लोगों ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों से कहा कि वे उनकी चिंता न करें क्योंकि वह 'ठीक' हैं। उन्होंने कहा, मनोज तिवारी सबसे अमीर उम्मीदवार हैं और मैं सबसे गरीब। हमारे पास पैसा नहीं है, लेकिन हिम्मत है।

लोगों से लोकसभा चुनाव में वोट डालने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा, मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि यह उनका आखिरी हथियार है। वे आम लोगों को गुमराह करेंगे ताकि लोगों का ध्यान चुनावी मुद्दों से भटक जाए। लेकिन आपको अपना ध्यान नहीं भटकाना चाहिए।

इस बीच, कुमार पर पूरे देश में ''टुकड़े-टुकड़े'' (विभाजनकारी) विचारधारा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए भाजपा की दिल्ली प्रदेश इकाई के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने शनिवार को कहा कि जिस दिन कांग्रेस ने कुमार को पार्टी का टिकट दिया, यह स्पष्ट था कि उन्हें जनता के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

कपूर ने दावा किया, उत्तर-पूर्वी दिल्ली के युवा राष्ट्रवाद के सिद्धांतों को मानते हैं। चाहे वे ब्राह्मण हों, गुर्जर हों, यादव हों या किसी अन्य जाति के युवा हों, वे राष्ट्र विरोधी विचारधारा को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं।

कुमार ने एक बयान में कहा था कि शुक्रवार को उन पर हमले का आदेश उनके प्रतिद्वंद्वी मनोज तिवारी ने दिया था। उन्होंने कहा था कि तिवारी उनकी बढ़ती लोकप्रियता से निराश हैं और इसीलिए उन्होंने उन पर हमला करने के लिए ''गुंडे'' भेजे।

राष्ट्रीय राजधानी में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

# केजरीवाल और आप नेता रविवार को भाजपा कार्यालय जाएंगे; उन्हें गिरफ्तार कराने की चुनौती दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि वह और अन्य आप नेता 19 मार्च को भाजपा मुख्यालय जाएंगे ताकि प्रधानमंत्री जिसे चाहें उसे जेल भेज सकें। उन्होंने अपनी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में अपने सहयोगी बिभव कुमार की गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद एक प्रेस वार्ता में दावा किया कि भाजपा कह रही है कि वह आप सांसद राघव चड्ढा और दिल्ली के मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारश्रे को भी जेल भेजेंगे।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संजोयक केजरीवाल ने कहा कि उनके नेताओं को जेल भेजकर उनकी पार्टी को कुचला नहीं जा सकता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर मनीष सिसौदिया, सत्येन्द्र जैन और संजय सिंह जैसे आप नेताओं को जेल भेजने का 'खेल' खेलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, मैं अपने विधायकों और सांसदों के साथ कल दोपहर को भाजपा कार्यालय जाऊंगा ताकि प्रधानमंत्री जिसे चाहें जेल भेज सकें।

केजरीवाल ने कहा, आप एक विचार है। आप जितने 'आप' नेताओं को जेल में डालेंगे, देश उनसे सौ गुना ज्यादा नेता पैदा करेगा। उन्होंने दावा किया कि आप की गलती यह थी कि दिल्ली में उसकी सरकार ने अच्छे स्कूल बनाए, मोहल्ला क्लीनिक स्थापित किए, मुफ्त इलाज मुहैया कराया और शहर में 24 घंटे मुफ्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की, जो भाजपा नहीं कर सकी।

कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी है। उन्हें आम चुनाव के आखिरी चरण के मतदान के एक दिन बाद दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा और वापस जेल जाना होगा।

# एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत छह लोगों का शव बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रायपुर/भाषा। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में पुलिस ने शनिवार को एक ही परिवार के पांच सदस्यों सहित छह लोगों का शव बरामद किया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने बताया कि जिले के सलिहा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत थरगांव में पुलिस ने हेमलाल साहू (55), उनकी पत्नी जगमोती साहू (50), उनकी बेटियां- मीरा साहू (30) और ममता साहू (35), हेमलाल का नाती (पांच) और गांव के एक अन्य व्यक्ति मनोज साहू का शव बरामद किया है।

शर्मा ने बताया कि जब ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी तब गांव के लिए पुलिस दल रवाना किया गया, बाद में पुलिस दल ने शवों को बरामद कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि परिवार के पांच सदस्यों के शवों को एक घर से बरामद किया गया। शवों पर कुल्हाड़ी से मारे जाने के निशान हैं। वहीं मनोज का शव उसी परिसर में लटका मिला। पुलिस अधिकारी ने बताया, प्रथम दृष्टया परिस्थितिजन्य साक्ष्य से पता चलता है कि मनोज ने फांसी लगाने से पहले कथित तौर पर पांच अन्य लोगों की हत्या कर दी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में देश की राजनीतिक संस्कृति बदल दी : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिमला/भाषा। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ पिछले दस वर्षों में देश की राजनीतिक संस्कृति को बांटो और राज करो की राजनीति से अब रिपोर्ट कार्ड की राजनीति में बदल दिया है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार राजीव भारश्रे के समर्थन में कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के रेहन में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, देश में 70 वर्षों से फूट डालो और राज करो की राजनीति चल रही थी जो पिछले दस वर्षों में रिपोर्ट कार्ड की राजनीति में बदल गई है, जहां चुने हुए प्रतिनिधियों को काम करके दिखाना है।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देने और भ्रष्ट लोगों को बचाने वाले परिवारों का गठबंधन करार देते हुए नड्डा ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे इस गठबंधन के नेता या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट नेता चुनाव के बाद एक जून को वापस जेल जाएंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी बी.आर. आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान को लेकर घूम रहे हैं, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा, लेकिन आंध्र प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने की चार बार कोशिश की और कर्नाटक में भी इसी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए नड्डा ने कहा कि केजरीवाल निर्भया मामले में धरने पर बैठे थे लेकिन उनके ड्राइंग रूम में एक महिला के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई।

कुछ दिन पहले आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर कथित तौर पर मारपीट की गई थी।

जब अमेरिका और यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्थाएं गिर रही थीं और चीन की अर्थव्यवस्था मंद हो रही थी, तब भारत को चमकते सितारे और आशा की किरण के रूप में देखा गया था, जिसकी अर्थव्यवस्था 11वें से 5वें स्थान पर पहुंच गई थी।

भारश्रे के लिए वोट मांगते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करके, भारत तीन वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत दवा की बिक्री में दूसरे और खिलौनों का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है और मोबाइल फोन भी भारत में बनते हैं।

नड्डा ने कहा, मैंने पिछले साल मानसून आपदा के दौरान तीन बार राज्य का दौरा किया था और केंद्र सरकार ने पीड़ितों के लिए 11,000 घरों और 2700 किलोमीटर सड़कों के निर्माण के लिए 1,782 करोड़ रुपए की राशि दी थी। उन्होंने पूछा कि क्या सड़कें और मकान राज्य सरकार ने बनाए हैं। नड्डा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लगभग 12,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया था।

## समर्थक



अंबाला में शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित एक सार्वजनिक बैठक में भाजपा समर्थक।

# खंडवा में हत्या का आरोपी ट्रेन में पुलिस हिरासत से फरार हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

खंडवा/भाषा। मध्यप्रदेश के खंडवा में स्थानीय पत्रकार की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार एक व्यक्ति ट्रांजिट रिमांड पर उत्तर प्रदेश ले जाते समय यहां से ट्रेन से कूदकर पुलिस हिरासत से फरार हो गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

खंडवा राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सहायक उप-निरीक्षक अन्नी लाल ने शनिवार को बताया कि फरार आरोपी जमीरुद्दीन कुरैशी उन पांच लोगों में से एक है, जिन पर 13 मई को उत्तर प्रदेश के जौनपुर में एक पत्रकार की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि हत्या के बाद कुरैशी मुंबई भाग गया और ठाणे पुलिस की अपराध शाखा ने उसे पकड़ लिया।

अधिकारी ने बताया कि उप्र पुलिस के दो पुलिसकर्मी उसे 15 मई को ट्रांजिट रिमांड पर जौनपुर ला रहे थे और साप्ताहिक गोरखपुर एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रेन 16 मई को तड़के करीब 2.40 बजे खंडवा स्टेशन पहुंची और जब ट्रेन प्लेटफार्म से रवाना होने लगी तो आरोपी ने शौचालय जाने की इजाजत मांगी।

अधिकारी ने कहा, जैसे ही दोनों पुलिसकर्मी उसे कोच के प्रवेश द्वार पर शौचालय में ले जाने लगे, आरोपी ट्रेन से कूद कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।



# विपक्षी दलों के नेताओं को जेल भेजने में कांग्रेस अव्वल : मोहन यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) का कांग्रेस के साथ गठबंधन है, जिसका विपक्षी दलों के नेताओं को जेल भेजने का रिकॉर्ड रहा है।

मोहन यादव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल के उस दावे को लेकर उनकी आलोचना की कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को तीसरा कार्यकाल मिलता है, तो वह विपक्षी दलों के नेताओं को जेल में डाल देगी।

केजरीवाल ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के भिवंडी में एक रैली के दौरान दावा किया कि अगर चार जून को भाजपा सत्ता में आई तो वह विपक्षी नेताओं- शरद पवार, उद्धव ठाकरे और अन्य को जेल में डाल देगी।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, पूरे विपक्ष को जेल में डालने का रिकॉर्ड कांग्रेस के पास है। केजरीवाल उन्हीं लोगों के साथ गठबंधन में हैं और भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं। मुझे एक उदाहरण दिखाइए जहां आपातकाल के समय की तरह विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार किया गया हो। यादव ने दावा किया कि कांग्रेस ने कभी भी भगवान राम के अस्तित्व को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेताओं ने अपने वोट बैंक के नाराज होने के डर से न तो अयोध्या में राम मंदिर का दौरा किया और न ही भगवान के सामने तस्वीरें खिंचवाईं।

यादव ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की आलोचना करते हुए कहा कि शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष सत्ता के भूखे हैं और उन्हें अलग राजनीतिक रास्ता अपनाने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

भाजपा नेता ने कांग्रेस पर हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर और संविधान निर्माता डॉ. बी आर आंबेडकर का अपमान करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को कभी चुनाव नहीं जीतने दिया, जबकि सावरकर को दो बार कालापानी भेजा गया।

यादव ने सत्ता में आने पर महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपए देने के वादे के लिए कांग्रेस की आलोचना की। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि वह अपनी 'महालक्ष्मी' योजना के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपए देगी। भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल में रामलला मुस्कुराए हैं और उनके तीसरे कार्यकाल में भगवान कृष्ण मुस्कुराएंगे।

# ऋण, इक्विटी धारकों ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ आईडीएफसी के विलय को मंजूरी दी

नई दिल्ली/भाषा। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयरधारकों और गैर-परिवर्तनीय ऋण पत्र (एनसीडी) धारकों ने मूल कंपनी आईडीएफसी लिमिटेड के बैंक के साथ विलय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने इस विलय योजना पर विचार करने और मंजूरी देने के लिए 17 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंस और अन्य ध्वनि-दृश्य माध्यमों के जरिए एक बैठक बुलाई थी। बैंक के बोर्ड ने एनसीएलटी को विलय के प्रस्ताव पर मतदान के नतीजे से सूचित किया। उन्होंने बताया कि विलय योजना के पक्ष में 99.95 वोट पड़े।

# उत्तर प्रदेश का अपमान करने का मोदी का आरोप एक 'घटिया रणनीति' : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राज्यों के बीच टकराव कराने की 'घटिया रणनीति' अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी ऐसा इसलिए कर रहे हैं कि उन्हें ''साम्प्रदायिक नफरत के दुष्प्रचार'' से चुनाव में कोई मदद नहीं मिल रही है।

स्टालिन ने मोदी पर काल्पनिक कहानियां गढ़ने और झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि तमिलनाडु समेत दक्षिणी राज्यों के नेताओं द्वारा उत्तर प्रदेश के लोगों के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने संबंधी मोदी का आरोप पूरी तरह से निराधार और झूठा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ दिन पहले एक चुनावी रैली में आरोप लगाया था कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के दक्षिणी सहयोगियों ने उत्तर प्रदेश और सनातन धर्म का अपमान किया लेकिन दोनों ही दलों ने चुप्पी साधे रखी।

द्रमुक अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि यह भाजपा ही थी जिसने तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर हमले का मनीष कश्यप जैसे ''यूट्यूबर्स'' द्वारा किए गए झूठे दावे जैसे फर्जी खबरों का समर्थन व प्रोत्साहन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के फर्जी दावे समाज में विभाजन पैदा करने के उद्देश्य से किया गया एक प्रकार का नफरती दुष्प्रचार था। कश्यप को पिछले साल तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी श्रमिकों पर ''हमलों'' पर फर्जी वीडियो प्रसारित करने के आरोप में (तमिलनाडु) पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कश्यप, पिछले महीने भाजपा में शामिल हुए थे। स्टालिन ने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने पर कुछ नहीं कहा, जो उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए काफी लाभकारी होगा। द्रमुक के शीर्ष नेता ने आरोप लगाया कि मोदी केवल नफरत फैलाने में रुचि रखते हैं। स्टालिन ने एक बयान में कहा, भाजपा के विभाजनकारी सपने कभी पूरे नहीं होंगे! झूठी कहानी और नफरत टूटेगी, 'इंडि' जीतेगा।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी हताश हैं क्योंकि उनके पास अपने दस साल के कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताने के लिए कुछ नहीं है।

स्टालिन ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में विपक्षी 'इंडि' गठबंधन जीत की ओर बढ़ रहा है जबकि मोदी झूठ और नफरत फैला रहे हैं, जिस पर निर्वाचन आयोग पूरी तरह से चुप है।

## जश्न




शनिवार को बेंगलूरु के फ्रीडम पार्क में एनईपी 2020 की वापसी का जश्न मनाने के लिए छात्र सम्मेलन के दौरान एआईडीएसओ के सदस्य।

# शक्ति योजना से मेट्रो को नुकसान होने संबंधी प्रधानमंत्री की टिप्पणी से हैरान हूं : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कथित बयान से ''हैरान'' हैं कि शक्ति योजना के कारण बेंगलुरु मेट्रो को राजस्व का नुकसान हुआ है। कर्नाटक में सिद्दरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई 'शक्ति' योजना के तहत महिलाएं सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ उठा सकती हैं।

शिवकुमार ने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के पास शक्ति योजना के बारे में जानकारी का अभाव है और इसलिए उन्होंने (मोदी ने) कहा कि इससे बेंगलूरु मेट्रो के राजस्व पर असर पड़ा है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, नम्मा मेट्रो ने पिछले एक साल में 130 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। इसी अवधि में ग्राहकों की संख्या में भी 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बेंगलुरु मेट्रो बेंगलुरु तक ही सीमित है, जबकि समूचे राज्य के लोगों को ध्यान में रखते हुए शक्ति योजना शुरू की गई है।

शिवकुमार ने कहा कि महिलाओं पर महंगाई के बोझ को कम करने के लिए कांग्रेस द्वारा शक्ति योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा, मेट्रो, राज्य और केंद्र के बीच एक संयुक्त पहल है और इसने पिछले एक साल में अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसा लगता है कि किसी ने प्रधानमंत्री को गलत जानकारी दी है। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री को बताना चाहता हूं कि महिलाओं को शक्ति योजना की पेशकश करते हुए कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) और बेंगलूरु मेट्रो को कुशलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। कर्नाटक में महिलाएं प्रति दिन 60 लाख यात्राएं कर रही हैं। वे इस शक्ति योजना से बहुत खुश हैं। कई अन्य राज्य शक्ति योजना में रुचि जाहिर कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक साक्षात्कार में कथित तौर पर बस और मेट्रो रेल सेवाओं पर बात की है और उन्होंने कर्नाटक का विशेष संदर्भ दिया या नहीं, यह ज्ञात नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या उत्तर कर्नाटक में बसों की कमी है, शिवकुमार ने कहा, हमने 1,000 नयी बसें खरीदने का पहले ही निर्णय ले लिया है। इनमें से 100 बसें रामानगर जिले को आवंटित की गई हैं। उत्तर कर्नाटक को भी बसें आवंटित की जाएंगी। उन्होंने कहा, हम केएसआरटीसी से मुनाफा कमाने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। हम केवल यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उसे घाटा न हो। सरकार शक्ति योजना के तहत टिकट की लागत की प्रतिपूर्ति कर रही है।

## केरल में भारी बारिश का पूर्वानुमान

# मौसम विभाग ने 19, 20 मई के लिए कुछ जिलों में रेड अलर्ट जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को आने वाले दिनों में केरल में अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है और 19 एवं 20 मई के लिए राज्य के कुछ जिलों में रेड अलर्ट जारी किया।

आईएमडी ने 19 और 20 मई के लिए राज्य के पथनमथिट्टा, कोट्टयम और इडुक्की जिलों में 'रेड अलर्ट' जारी किया है। इसके अतिरिक्त, उन दो दिनों के लिए तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा और एर्नाकुलम के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने 21 मई के लिए नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया और कहा कि उनमें से कुछ में रेड अलर्ट के समान बारिश होने की आशंका है। यह भी पूर्वानुमान व्यक्त किया गया कि 19 से 22 मई के बीच केरल में एक या दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की आशंका है।

शनिवार के लिए, इसने पथनमथिट्टा, इडुक्की और मलप्पुरम जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

रेड अलर्ट 24 घंटे में 20 सेमी से अधिक की भारी से अत्यधिक भारी बारिश का संकेत देता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट का मतलब बहुत भारी बारिश (छह सेमी से 20 सेमी) होता है। येलो अलर्ट का मतलब है छह से 11 सेमी के बीच भारी बारिश।

आईएमडी ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र में तेज पश्चिमी और दक्षिण पश्चिमी हवाओं की प्रबलता के कारण 18 से 20 मई के बीच राज्य में बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

# बेंगलूरु जा रहे विमान को आपात स्थिति में तिरुचिरापल्ली में उतारा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)। केरल के तिरुवनंतपुरम से बेंगलूरु जा रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को तकनीकी खराबी आने के कारण आपात स्थिति में यहां उतारा गया। हवाई अड्डे के सूत्रों ने यह जानकारी दी। विमान में लगभग 137 यात्री सवार थे। सूत्रों ने बताया कि विमान में उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आई, जिसके बाद इसे सुरक्षित रूप से यहां उतार लिया गया। उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को विमान से बाहर निकाल लिया गया है और तकनीकी दल खराबी की जांच कर रहा है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि तकनीकी खराबी के कारण विमान को तिरुचिरापल्ली स्थित हवाई अड्डे पर उतारा गया।

प्रवक्ता ने कहा, यात्रियों को बेंगलूरु ले जाने के लिए दूसरे विमान की व्यवस्था की जा रही है। हम सभी प्रशासनिक व्यवस्था कर रहे हैं और (यात्रियों के) यात्रा कार्यक्रम में हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं।

## प्रज्ज्वल रेवन्ना वीडियो मामला

# डीके शिवकुमार और मंत्रियों ने भाजपा नेता के दावों को खारिज किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार और राज्य के अन्य मंत्रियों ने हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो के पेन ड्राइव वितरित करने में अपनी भूमिका के आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया। वीडियो लीक होने के मामले में आरोपी और गिरफ्तारी के बाद हिरासत में भेजे गए भाजपा नेता व वकील जी. देवराजे गौड़ा ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि पेन ड्राइव बांटने में शिवकुमार और चार अन्य मंत्रियों का हाथ था। देवराजे ने आरोप लगाया कि उन्हें झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है क्योंकि वह उनकी योजना का हिस्सा बनने के लिए तैयार नहीं हुए।

उन्होंने यह भी कहा कि शिवकुमार ने उन्हें भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बदनाम करने और प्रज्ज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो मामले में जद (एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी की छवि खराब करने के लिए 100 करोड़ रुपये की पेशकश की थी। यहां पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा, बेहतर होगा, वह (गौड़ा) लोकायुक्त या किसी अन्य एजेंसी के समक्ष मामला दायर करें। मुझे लगता है कि उन्हें मानसिक तौर पर कुछ समस्याएं हैं। मुझे बहुत खेद है, राष्ट्रीय और राज्य मीडिया को ऐसे निराधार आरोपों को नहीं उठाना चाहिए था। जो व्यक्ति जेल में है, वह ऐसे आरोप कैसे लगा सकता है? ये सब बेबुनियाद है। मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह गौड़ा के खिलाफ कोई मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे तो उन्होंने कहा, मैं मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। मैं उनकी पार्टी के लोगों से अपील करता हूं कि वे उनका अच्छा इलाज कराएं। उल्लेखनीय है कि हासन में अदालत से ले जाते समय, गौड़ा ने शुक्रवार को मीडिया से बात की और आरोप लगाया कि पेन ड्राइव मामले में शिवकुमार का हाथ है, और इस मामले की देखरेख के लिए चार मंत्रियों – एन. चालुवरायस्वामी, कृष्णा बायरे गौड़ा, प्रियांक खरगे और एक अन्य मंत्री की एक टीम बनाई गई थी। गौड़ा ने कहा कि भाजपा, प्रधानमंत्री मोदी और कुमारस्वामी को बदनाम करने के इरादे से यह सब किया गया।



मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा कि गौड़ा ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार के तीन जिम्मेदार मंत्री एक टीम का हिस्सा थे और यह एक साजिश थी। उन्होंने कहा, हम चर्चा करेंगे, जो भी कानूनी रास्ता निकलेगा, हम अमल करेंगे। खरगे ने कहा, देवराजे गौड़ा शायद शिवकुमार और सिद्दरामैया को बदनाम करने के लिए ऐसा कर रहे हैं।

अगर उन्हें 100 करोड़ रुपये की पेशकश गई थी, तो उन्हें अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री) को बताना चाहिए था और इसकी जांच करानी चाहिए थी। वह सीबीआई, ईडी या आईटी छापे पड़वा सकते थे। उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया? दावा किया गया है कि उन्हें (गौड़ा को) एक क्लब में अग्रिम राशि के रूप में 5 करोड़ रुपये भेजे गए थे, उन्हें सीसीटीवी फुटेज प्राप्त करने दें और देखें कि वहां कौन–कौन थे।

मंत्री चालुवरायस्वामी ने भी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा, अगर गौड़ा यह साबित कर दें कि चालुवरायस्वामी, प्रियांक खरगे और कृष्णा बायरे गौड़ा ने इस मामले पर एक बैठक की थी और हमें एक टीम के रूप में जिम्मेदारी दी गई थी और हम इस मामले में शामिल थे, तो मैं माफी मांगने के लिए तैयार हूं।



# कर्नाटक में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है : विजयेंद्र येडीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने राज्य में कानून–व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के नेतृत्व वाली सरकार से (नींद से) जागकर इस संबंध में तत्काल कदम उठाने की मांग की। विजयेंद्र ने भाजपा की यह मांग भी दोहराई कि राज्य सरकार हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ महिलाओं के यौन शोषण के मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे।

विजयेंद्र ने कहा, जब से कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई है, कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई है। हर जगह हत्याएं और जबरन वसूली हो रही हैं। बलात्कार और 'लव जिहाद' के मामलों में वृद्धि हुई है। महिला सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि बिगड़ती कानून–व्यवस्था की स्थिति से राज्य की बदनामी हो रही है।

विजयेंद्र ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भाजपा का रुख बहुत स्पष्ट है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को मामले को गंभीरता से लेना होगा और जांच सीबीआई को सौंपनी होगी। उन्होंने कहा, हर दिन इस मामले में नयी बातें सामने आ रही हैं।

इसलिए मैं मांग करता हूं कि बिना किसी देरी के प्रज्ज्वल रेवन्ना मामलों की जांच सीबीआई को दी जाए। सरकार क्यों हिचकिचा रही है? मामलों को लेकर कई वरिष्ठ नेताओं के नाम भी सुनने में आ रहे हैं। विशेष जांच दल (एसआईटी) निष्पक्ष जांच नहीं कर सकता।

## विरोध




शनिवार को बेंगलूरु के फ्रीडम पार्क में पीईएस विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों की आत्महत्या के खिलाफ छात्रों और अभिभावकों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# यौन शोषण मामले में दोषी पाए जाने पर पोते के खिलाफ कार्रवाई पर कोई आपत्ति नहीं : देवेगौड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल (एस) के संरक्षक एच डी देवेगौड़ा ने अपने पोते और सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों पर चुप्पी तोड़ते हुए शनिवार को कहा कि यदि वह दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, शनिवार को जीवन के 92 वर्ष पूरे करने वाले देवेगौड़ा ने कहा कि उनके बेटे और जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामले 'गढ़े गए' हैं, लेकिन उन्होंने आगे टिप्पणी करने से परहेज किया क्योंकि मामला अदालत में विचाराधीन है। रेवन्ना एक महिला के यौन उत्पीड़न और अपहरण के आरोपों का सामना कर रहे हैं। हाल ही में गौड़ा ने अपना जन्मदिन नहीं मनाने के फैसले की घोषणा की थी और शुभचिंतकों और पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया था कि वे जहां भी हैं, वहीं से उन्हें शुभकामनाएं दें।

देवेगौड़ा ने कहा, ''... मैं रेवन्ना के संबंध में अदालत में चल रही चीजों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। प्रज्ज्वल रेवन्ना विदेश गए हैं, इस संबंध में कुमारस्वामी (गौड़ा के दूसरे बेटे और जद (एस) की राज्य इकाई के प्रमुख) ने हमारे परिवार की ओर से कहा है कि देश के कानून के मुताबिक कार्रवाई करना सरकार का कर्तव्य है।''

यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, ''इस (यौन शोषण के मामले) से कई लोग जुड़े हुए हैं, मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता। कुमारस्वामी ने कहा है कि जो लोग भी इस मामले में शामिल हैं, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रभावित महिलाओं को न्याय और मुआवजा मिलना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''प्रज्ज्वल के खिलाफ कार्रवाई पर हमें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन लोगों को रेवन्ना के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बारे में (तथ्यों का) पता चल गया है कि मामला कैसे गढ़ा गया है।'' हासन लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद प्रज्ज्वल (33) महिलाओं के यौन उत्पीड़न के कई मामलों का सामना कर रहे हैं। वह इस लोकसभा चुनाव में भी हासन सीट से भाजपा–जनता दल (एस) के संयुक्त उम्मीदवार हैं जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। प्रज्ज्वल कथित तौर पर 27 अप्रैल को जर्मनी रवाना हुए और अब भी फरार हैं। उनको वापस लाने के प्रयास के तहत प्रज्ज्वल के खिलाफ इंटरपोल ''ब्लू कॉर्नर'' नोटिस जारी किया गया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या यह उनके परिवार को राजनीतिक रूप से बदनाम करने की साजिश थी, गौड़ा ने कहा, ''यह सच है... जो कुछ भी हुआ है, उसमें कई लोग शामिल हैं, मैं नाम नहीं लूंगा। कुमारस्वामी इस पर बताएंगे कि क्या कार्रवाई करनी है।'' भाजपा नेता और वकील जी देवराजे गौड़ा ने आरोप लगाया था कि प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े आपत्तिजनक वीडियो वाले पेन ड्राइव के प्रसार के पीछे उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार हैं। देवराजे के आरोप के बारे में पूछने पर एचडी देवेगौड़ा ने कहा कि कुमारस्वामी इन सबका जवाब देंगे। देवेगौड़ा ने अपने घर के पास डेरा डाले मीडियाकर्मियों से वहां से चले जाने का अनुरोध किया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने धनखड़ व देवेगौड़ा को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 73वें



और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के 91वें जन्मदिन पर शनिवार को उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि धनखड़ हमेशा नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, समृद्ध कानूनी अनुभव के कारण उन्हें हमारे संविधान की गहरी समझ है और उन्हें जन सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का आशीर्वाद मिला है। एक अन्य पोस्ट में मोदी ने कृषि और ग्रामीण विकास के प्रति देवेगौड़ा के जुनून की सराहना की। उन्होंने कहा, देश के प्रति उनकी सेवा के लिए सभी राजनीतिक वर्ग में उनका सम्मान है। कृषि और ग्रामीण विकास के प्रति उनका जुनून उल्लेखनीय है। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। देवेगौड़ा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सहयोगी पार्टी जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष हैं।

# भाजपा में कोई मतभेद नहीं : विजयेन्द्र येडीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने शनिवार को कहा कि छह पदों पर एमएलसी चुनाव से पहले भाजपा में कोई मतभेद नहीं है। बेंगलूरु में मीडिया से बात करते हुए विजयेंद्र ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन करने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश सज्जन ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। दक्षिण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन करने वाले भाजपा उम्मीदवार ई.सी. निंगराज गौड़ा भी अपना नाम वापस ले लेंगे। यह सीट जद–एस को दी गई है।

विजयेंद्र ने कहा,सुरेश सज्जन ने पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येडीयुरप्पा से मुलाकात कर आश्वासन दिया था कि वह अपना नाम वापस ले लेंगे और भाजपा के आधिकारिक उम्मीदवार अमरनाथ पाटिल का समर्थन करेंगे। सज्जन ने कहा कि यह हमारे लिए खुशी की बात है। उत्तर–पूर्व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार की जीत तय है। राज्य भाजपा प्रमुख ने कहा कि अन्य सीटों पर भी पार्टी अपने मतभेद जल्द सुलझा लेगी।

उन्होंने बताया, एमएलसी की छह सीटों के लिए स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों का चुनाव हो रहा है। चार सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है और दो सीटें जद–एस को दी गई हैं। भाजपा ने छह सीटों के लिए प्रभारी नियुक्त किए हैं।



# अतीत को जानें, वर्तमान को समझें और भविष्य को दे नई दिशा : वासुदेव देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि देवनानी ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि वे अतीत को जाने, वर्तमान को समझे और भविष्य को नई दिशा देकर राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाये। देवनानी शनिवार को यहाँ विधानसभा में विश्व संग्रहालय दिवस पर आयोजित विधानसभा जनदर्शन कार्यक्रम के शुभारम्भ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संग्रहालय सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को आमजन से जोडने के सेतु है, साथ ही यह इतिहास, कला, विज्ञान, संस्कृति एवं राजनीति के अनूठे संग्रह के भण्डार भी है। वे संग्रहालय में आये और देश एवं प्रदेश की राजनीतिक विकास यात्रा में सहभागी बने।

उन्होंने भारत माता, माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानन्द के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। महारानी कॉलेज की राजनीति विज्ञान की छात्राओं को विधानसभा के राजनीतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन करवाकर विधानसभा जनदर्शन प्रारम्भ किया। देवनानी की पहल से अब आमजन विधानसभा को देख सकेंगे। आमजन प्रातः 10 बजे से सायं पांच बजे तक द्वार संख्या सात से आधार कार्ड दिखाकर निःशुल्क विधानसभा में प्रवेश कर सकेंगे। विधानसभा संग्रहालय का शनिवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा।

देवनानी ने विश्व संग्रहालय दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा के संग्रहालय को देखने के लिए विधानसभा जनदर्शन कार्यक्रम नारी शक्ति से आरम्भ किया है। उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। इसकी गहराई को हमे समझना होगा। प्राचीनकाल में न्यायसभा और राजसभा तथा पंचायतों में पंच पटेलों के पंच निर्णय हुआ करते थे। यह सब लोकतंत्र के परिचायक ही थे, जिनमे समयानुकूल बदलाव होता गया। बाद में संविधान विशेषज्ञों ने समृद्ध लोकतंत्र की रुप रेखा बनाई।

उन्होंने प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि सभी लोग अपने सहपाठियों, मित्रों, परिवारजनों और परिचितों के साथ राजस्थान विधान सभा के भव्य भवन में निर्मित राजनीतिक आख्यान संग्रहालय को देखे। उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय को देखकर लोग अत्याधुनिक तकनीकी माध्यमों द्वारा लोकतांत्रिक प्रणाली एवं राज्य की विकास यात्रा का जीवंत अनुभव कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा के राजनीतिक आख्यान संग्रहालय में रियासतों के विलय, राजस्थान राज्य के गठन, राजस्थान की विधानसभा के विकास, राजस्थान के सभी मुख्यमंत्रियों के योगदान और उपलब्धियों, राजस्थान विधानसभा के सभी अध्यक्षों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से दिग्दर्शित की गई है। देवनानी ने कहा कि आधुनिक तकनीक के समावेश से बनाया गया संग्रहालय लोगों के लिए विधानसभा की कार्य प्रणाली और सामान्य नागरिक से जनता के सर्वोच्च प्रतिनिधि तक की यात्रा को जानने के लिए नई पीढी के लिए सतत प्रेरणा स्रोत है।

देवनानी ने कहा कि संग्रहालय शिक्षा के महवत्पूर्ण केन्द्र है। शोधकत्ताओं के लिए संग्रहालयों में अथाह भण्डार है। संग्रहालयों में शैक्षिणक, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक विकास, राजनैतिक सहित पर्यटन कला व संस्कृति का समावेश है। उन्होनें कहा कि राजस्थान की कला व संस्कृति की विश्व में पहचान है। उन्होंने कहा कि मेरा देश महान है, राजस्थान महान है। यह महान क्यों है, इसे समझे। अपने देश की पुरातन संस्कृति को देखे और गौरव की अनुभूति करें। राष्ट्र प्रथम है, उसके भाव को समझे और अपने ज्ञान का उपयोग राष्ट्र के लिये करे। सन 2047 में विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी निभाने के लिये मंथन करें। देवनानी ने युवाओं का आह्वान किया कि वे नौकरी देने वाले बने। स्वंय का विश्लेषण करें। पढाई के मूल उद्देश्य को समझे। स्वंय समाज प्रदेश और देश को आगे बढाने के लिए सकारात्मक कदम उठायें। श्रेष्ठ नागरिक बने। विश्व का सिरमौर भारत बने, इसके लिए सभी सक्रिय भागीदारी निभाये।

महारानी महाविद्यालय की छात्राओं ने राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को देखने के बाद अपने अनुभव सुनायें। राजनीति विज्ञान की छात्रा आरती सोमानी ने कहा कि उन्हें लोकतंत्र की जानकारी नजदीक से जानने का मौक मिला। विधानसभा में आकर वे गौरव की अनुभूति कर रही है। एक अन्य छात्रा हेमलता ने कहा कि राजस्थान की राजनीति को आधुनिक तकनीक के माध्यम से समझा।

## शाहपुरा जिले में नाबालिग से दुष्कर्म एवं भट्टी में जलाकर हत्या के मामले में दो आरोपी दोषी

भीलवाड़ा। राजस्थान में शाहपुरा जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म एवं भट्टी में जलाकर हत्या कर देने के बहुचर्चित मामले में पोक्सो न्यायालय ने शनिवार को दो मुख्य आरोपियों को दोषी माना जबकि सात अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। विशिष्ट न्यायाधीश (पोक्सो-दो) की अदालत ने मुख्य आरोपी कान्हा कालबेलिया (21) और उसके भाई कालू कालबेलिया (25) को दोषी माना। दोनों की सजा के बिंदू पर सोमवार को न्यायालय में सुनवाई होगी। अदालत ने मुख्य आरोपी कालू की पत्नी लाड (25) तथा संजय (20) प्रभु (50) पप्पू (35) कमलेश (20) गीता उर्फ मेवा (50) और प्रियंका को दोषमुक्त कर दिया।

## फिल्म जॉली एलएलबी-3 के विरुद्ध हुई सुनवाई

अजमेर। राजस्थान में अजमेर की मुंसिफ उत्तर कोर्ट में शनिवार को फिल्म जॉली एलएलबी-3 के विरुद्ध जिला बार एसोसियेशन सदस्यों की ओर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में फैसला अगली तारीख पेशी 27 मई को आ सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार याचिका पर बहस के दौरान फिल्म अभिनेताओं एवं निर्माता-निर्देशक के वकील ने न्यायालय में याचिका को तथ्यहीन बताते हुये खारिज करने की मांग की। जिस पर बार एसोसियेशन की ओर से उपस्थित वकील ने याचिका को अहम बताते हुये अदालत से सुनवाई की प्रार्थना की। दोनों की दलील सुनने के बाद न्यायालय ने 27 मई अगली तारीख पेशी मुकर्रर की, जिसमें याचिका पर फैसला आ सकता है। उल्लेखनीय है कि केकड़ी अदालत में दायर एक अन्य याचिका पहले ही 14 मई को खारिज की जा चुकी है।



# राजस्थान में भीषण गर्मी का कहर, अधिकांश हिस्सों में तापमान 40 डिग्री के पार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ रही है। अधिकांश हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। जबकि, माउंट आबू में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर मौसम केंद्र प्रमुख आरएस शर्मा ने बताया कि बाड़मेर में सबसे अधिक 46.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। इसी के साथ बाड़मेर देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। जबकि 46.9 डिग्री तापमान के साथ आगरा अब तक सबसे गर्म शहर रहा है।

उन्होंने कहा कि अगले एक सप्ताह तक गर्मी जारी रहने की संभावना है। कोई खास बदलाव नहीं होगा। जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जोधपुर, बीकानेर डिवीजन और शेखावाटी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी की लहर चलने की संभावना है। बाड़मेर के अलावा पिलानी में भी अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि धौलपुर में 46.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया जो दूसरे स्थान पर रहा। जैसलमेर में तापमान 45.8, जोधपुर में 45.5, फलोदी में 46, जालौर में 46.2, चूरू में 45.7, अलवर में 45, जयपुर और अजमेर में 44 डिग्री सेल्सियस, जबकि कवौली में 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### 25 को नौतपा होगा शुरू

जयपुर। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही 25 मई को तड़के सवा 3 बजे से नौतपा आरंभ हो जाएगा। ज्योतिष और मौसम विभाग के अनुसार 2 जून तक इन नौ दिनों में भारी गर्मी पड़ेगी, क्योंकि सूर्य 8 जून तक इसी नक्षत्र में रहेंगे। इस दौरान तापमान 45 से 47 डिग्री रहने की संभावना जताई है। नौतपा में सूर्य की किरणें धरती पर सीधी पड़ती है। यदि नौतपा के सभी नौ दिन पूरे तपे तो यह अच्छी बारिश होने का संकेत है। सूर्य 8 जून तक 23 अंश 40 कला तक रहेंगे और रोहिणी नक्षत्र का अधिपति ग्रह चंद्रमा होता है। सूर्य जब चंद्र के नक्षत्र रोहिणी में प्रवेश करते हैं तो सूर्य इस नक्षत्र को अपने प्रभाव में ले लेता है। इस वजह से ताप अधिक बढ़ जाता है। इसके कारण पृथ्वी पर आंधी और तूफान आने लगते हैं। हालांकि ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि इस बार नौतपा के दौरान मंगल अपनी स्वयं की राशि मेष में रहेंगे, जिसका असर यह रहेगा कि गर्मी का प्रभाव अधिक रहेगा। इस बार नौतपा के बाद वृषभ राशि में 5, 6 और 7 जून को सूर्य, चंद्रमा, बुध, गुरु और शुक्र का पंचग्रही योग भी बन रहा है। ऐसे में गर्मी के साथ इस बार मानसून भी अच्छा रहने की संभावना है।

# हाड़ी रानी के वैक्स के पुतले का फर्स्ट लुक जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान वीरों की धरती है, यहां की मिट्टी का हर कण राजपूतों के बलिदान की कहानी बयान करता है। इस मिट्टी की शान के लिए यहां की छत्राणीयां भी पीछे नहीं रही। ऐसी ही इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुकी परम वीर क्षत्राणी थी सहल कंवर यानी हाड़ी की रानी। सोलह साल की बाल उम्र में हाड़ी रानी ने औरंगजेब के खिलाफ़ युद्ध के दौरान अपना कर्तव्य निभाते हुए स्वयं का शीश काट लिया और अपना राष्ट्र धर्म निभाया। यह बहुत ही प्रेरणादायक, साहस और बलिदान की अमर गाथा है, जो इस धरती में गूंजती है। यह कहना है जयपुर वैक्स म्यूजियम के फाउंडर डायरेक्टर अनूप श्रीवास्तव का। उन्होंने कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से इस सत्य कथा ने बहुत प्रभावित किया और हमने निर्णय लिया कि आने वाली पीढ़ी को इस त्याग और बलिदान की अमर गाथा को जरूर जानना चाहिए, हाड़ी रानी के वैक्स का पुतला बनकर तैयार हो चुका है और उसके पीछे लगने वाले सेट तथा एक विशेष शो के डायलॉग, वॉयसओवर और म्यूजिक की रिकॉर्डिंग मुंबई में की जा रही है। जल्द ही पर्यटकों को इस हृदयविदारक कथा को एक विशेष लाइट एंड साउंड के साथ म्यूजियम में देखने को मिलेगा।

अदभुत सौंदर्य की मालकिन, पूर्ण श्रंगार में सजी हाड़ी रानी के पुतले को वैक्स म्यूजियम के रॉयल दरबार सेक्शन में लगाया जाएगा। जयपुर वैक्स म्यूजियम की मूर्तिकार टीम ने अनूप श्रीवास्तव के निर्देशन में पुतले का निर्माण किया है, जिसका वजन लगभग 28 किलोग्राम है।

अनूप ने बताया कि हमेशा से ही हमारा निर्णय रहा है कि जो भी म्यूजियम में स्टेच्यू लगे, वो लोगों को प्रेरित करे। इसीलिए बजाय निरर्थक सेलिब्रिटी के पुतलों के हमारी तलाश इतिहास के पन्नों में खोए सच में असल जीवन हीरोज की रहती है।




# कांग्रेस और बीजेडी ने ओड़िशा को धकेला गरीबी के गर्त में : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पुरी/जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ओड़िशा में 50 वर्ष कांग्रेस ने और 25 वर्ष बीजेडी ने शासन किया। दोनों पार्टियों ने मिलकर 75 साल में ओड़िशा को गरीबी के गर्त में धकेल दिया। उन्होंने कहा कि आज ओड़िशा में युवाओं, किसानों और महिलाओं की स्थिति बेहद खराब है। युवाओं को बेरोजगारी के कारण रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य में पलायन करना पड़ रहा है। यहां के किसानों की आय देश में सबसे कम है तथा महिला अत्याचार के मामले में तो ओड़िशा देश का नंबर एक राज्य बन चुका है।

शर्मा शनिवार को ओड़िशा के पुरी में आयोजित प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों में प्रगति की नई उचाईयां छुई हैं। चाहे गरीब कल्याण की बात हो या विकास की, सीमा सुरक्षा का मुद्दा हो या दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने का, हर क्षेत्र में हमारा परचम लहरा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास करती है क्योंकि वे जो कहते हैं वही करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि ओड़िशा में इस बार विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत प्राप्त होगा और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन नेशन-वन राशन कार्ड और आयुष्मान भारत योजना जैसी केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ओड़िशावासियों को राज्य सरकार की हठधर्मिता के कारण नहीं मिल पा रहा है। भाजपा सरकार आने पर यहां के लोगों को ऐसी सभी योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा तथा किसानों का चावल भी 3,100 रूपए क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थानी जहां भी रहते हैं वहां मेहनत, ईमानदारी, लगन और अनुशासन से अपनी विशेष पहचान बनाते हैं। राजस्थानी जो ठान लेते हैं उसे अवश्य पूरा करते हैं। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की कि वे अपने संपर्क के सभी लोगों से भाजपा प्रत्याशियों को वोट देने का आग्रह करें जिससे विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भारी बहुमत से विजयी हों।

# अलवर के खैरथल में पानी के लिए मचा हाहाकार, सड़क पर उतरी सैकड़ों महिलाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अलवर । गर्मी के मौसम में राजस्थान के अलवर जिले के खैरथल में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पानी की समस्या से जूझ रही महिलाओं ने सड़क पर उतरकर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। बीलाहेडी पंचायत के नरवास गांव के मेघवाल बस्ती की दलित महिलाओं ने पीने के पानी की समस्या को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने सरपंच पर आरोप लगाया कि जब वह पानी की समस्या लेकर सरपंच के पास गईं तो उन्हे गाली दी गई।

महिलाओं का कहना है कि करीब एक महीने से मेघवाल बस्ती में पीने के पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि उन्होंने अपनी समस्या को स्थानीय प्रशासन के सामने भी रखा। इसके बावजूद भी समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। महिलाओं ने बताया कि नहाना तो दूर की बात, पीने के पानी के लिए भी दिनभर इधर-उधर भटकना पड़ता है। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन की कुंभकरण वाली नींद खुलने का नाम नहीं ले रही है। बता दें, पानी की समस्या को लेकर जिले में आए दिन लोग विरोध-प्रदर्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। डार्क जोन में होने के कारण यहां का जल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। जिसके कारण पानी की किल्लत हो रही है, अगर इसी तरह चलता रहा तो वो दिन दूर नहीं जब हर तरफ पानी के लिए कोहराम मच जाएगा।

# जेके लोन प्लाज्मा प्रकरण में जांच टीम ने सौंपी रिपोर्ट - सोनी अस्पताल में अनियमितता मिलने पर नोटिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। प्रदेश में ब्लड बैंकों के सुचारू संचालन के लिए निदेशक जनस्वास्थ्य के अधीन ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज अनुभाग की स्थापना की जाएगी। यह अनुभाग प्रदेश में औषधि नियंत्रण विभाग के साथ समन्वय कर ब्लड बैंक से संबंधित समस्त कार्यों में पारदर्शिता और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेगा। यह जानकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने शनिवार को जेके लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी प्रकरण में गठित की गई जांच टीम द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के अवसर पर दी। उन्होंने कहा कि रोगियों को बिना किसी परेशानी के रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन तंत्र को सुदृढ़ किया जाएगा। ब्लड बैंक से संबंधित सभी चिकित्सकों को एवं पैरामेडिकल स्टाफ को नियमित प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

सिंह ने बताया कि सभी ब्लड बैंकों के निरीक्षण के लिए जोनल टीमों का गठन किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नियमित अंतराल पर इनका निरीक्षण हो। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा ब्लड बैंकों में बेहतर विजिलेंस के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर तैयार करवाया जाएगा, जिसमें बार कोड आधारित इन्वेंट्री मैनेजमेंट एवं सप्लाई सिस्टम होगा। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से ब्लड बैंकों की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि जांच टीम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार जेके लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी प्रकरण में एक निजी अस्पताल की भूमिका की सूचना पर विभाग ने सोनी अस्पताल स्थित ब्लड बैंक की भी जांच की गई है। यहां अनियमितताएं पाई जाने पर अस्पताल को नोटिस जारी किया गया है। अस्पताल के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा जयपुरिया एवं एसएमएस अस्पताल के ब्लड बैंकों का भी निरीक्षण किया गया। इन दोनों अस्पतालों के ब्लड बैंकों में व्यवस्था सुचारू पाई गई।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

जयपुर। जयपुर में शनिवार को एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक महिला व उसका बच्चा घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब जयपुर-कोटा राजमार्ग पर एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उसने बताया कि पीड़ित मोटरसाइकिल पर मजदूरी के लिए जा रहे थे तभी कोथून रोड के पास यह दुर्घटना हुई। घायलों को चाकसू शहर के एक अस्पताल ले जाया गया जहां युवक बद्री और गणेश को मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार हादसे में जमना (27) और उसका तीन साल का बेटा घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इन दोनों को इलाज के लिए जयपुर के एसएमएस अस्पताल भेजा गया है।



# सनातन का अपमान करने वालों को सत्ता का कोई हक़ नही : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भिवानी/जयपुर । राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शनिवार को हरियाणा के भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी धर्मवीर सिंह जी के समर्थन में प्रचार किया। भोजावास में आयोजित एक जनसभा में उन्होने भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकरा कर सनातन का अपमान करने का काम किया है। ऐसे में उन्हे भारत में सत्ता पाने का कोई हक़ नही। कांग्रेस के राज में केवल भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के अलावा कोई काम नही हुआ।

दीया कुमारी ने कहा जनता से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के बावजूद आमजन को देश हित में बाहर निकल कर वोट डालने का कर्तव्य पूरा करना है और उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इलाक़े के विकास में कोई कसर बाक़ी नही रहेगी।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने धर्मवीर सिंह जी को मैं जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि वे धर्मवीर सिंह के साथ सांसद थी और उन्होने हमेशा सदन में क्षेत्र की जनता की आवाज बनकर समस्याओं का निराकरण करवाया। पिछले दस सालों में एक सांसद के रूप में बहुत अच्छा काम किया है।

उन्होने कहा कि हरियाणा में भाजपा की डबल इंजन सरकार भी राजस्थान के समान इन्फ्रास्ट्रक्चर और जन सुविधाओं के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि रेवाड़ी में एम्स स्वीकृत होने से, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

# अमेठी में गृह मंत्री अमित शाह का रोड शो, स्मृति के लिए अपील, राहुल पर निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अमेठी (उप्र)/भाषा। उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अमेठी में रोड शो में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार स्मृति ईरानी के लिए वोट मांगा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा।

फिर एक बार-मोदी सरकार का नारा लिखे, भगवा झंडे-बैनर व फूलों से सजे एक खुले रथ (वाहन) पर केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह अमेठी लोकसभा क्षेत्र की भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ सवार हुए। रामलीला मैदान से शुरू होकर देवीपाटन मंदिर तक के लिए रोड शो का रथ जैसे ही आगे बढ़ा 'नरेन्द्र मोदी-अमित शाह-स्मृति ईरानी और जय श्री राम' के नारों से वातावरण गूंज उठा।

शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर रोड शो का लाइव वीडियो साझा करते हुए अपने संदेश में कहा कि ''फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए अमेठी की सड़कों पर उतरे इस विशाल जनसैलाब को नमन करता हूं। जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे, जैसे गीतों के बीच शाह का कारवां आगे बढ़ा।

सड़क के किनारे दोनों तरफ बैंड की धुन, स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति और नारेबाजी के बीच भीड़ हाथ हिलाकर शाह और ईरानी का अभिवादन करते नजर आयी। शाह और ईरानी भी सभी के अभिवादन का हाथ हिलाकर जवाब दे रहे थे।

अमित शाह ने भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों के बीच रोड शो के रथ से अपने संबोधन में कड़ी धूप में काफी देर से उनका इंतजार कर रही जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा, आज अमेठी वालों का हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं। 2019 में इसी समय पर रोड शो करने आया था और आज भी आया हूं।

स्मृति ईरानी के पक्ष में वोट की अपील करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बहन स्मृति ईरानी के स्वागत में जिस प्रकार उत्साह, उमंग और विजय के विश्वास के साथ आपने सहयोग किया।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर टायर फटने से बस पलटी, नौ घायल

**नोएडा (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में जेवर थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक बस का टायर फटने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जेवर थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सुबह मथुरा के नौझील से एक बस में सवार होकर नोएडा के फेस-दो स्थित साहू एक्सपोर्ट कंपनी के कर्मचारी काम करने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे पर बस का टायर अचानक फट गया जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में बस में सवार नौ लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# रायबरेली की हिन्दुस्तान को दिशा देने में बड़ी भूमिका है : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि हिन्दुस्तान को दिशा देने में रायबरेली की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आज उसकी भूमिका होनी चाहिए कि वह उत्तर प्रदेश को विकास का रास्ता दिखाए।

कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ रायबरेली को लेकर आपस में बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया। उन्होंने कहा, रायबरेली जाते वक्त मैं और प्रियंका कुछ देर के लिए बचपन की गलियों से भी होकर गुज़रे। बहुत सी खट्टी-मीठी यादें हैं, दादी का ज्ञान, पापा की पसंदीदा जलेबियां, प्रियंका के बनाए केक, ऐसा लगता है जैसे सब कल की ही बात हो।

राहुल गांधी ने कहा, बचपन से हमारा राजनीति से गहरा रिश्ता रहा है, पर राजनीति कभी हमारे रिश्तों के बीच नहीं आई। उन्होंने वीडियो में कहा, हिन्दुस्तान को प्रगति देने और दिशा देने में रायबरेली की एक बहुत बड़ी भूमिका है। रायबरेली वर्षों से उत्तर प्रदेश का राजनीतिक और वैचारिक केंद्र रहा है। रायबरेली ने आजादी की लड़ाई में रास्ता दिखाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, आज रायबरेली की यह भूमिका होनी चाहिए कि वह पहले उत्तर प्रदेश को प्रगति और विकास का रास्ता दिखाए और फिर उत्तर प्रदेश हिन्दुस्तान को प्रगति और विकास का रास्ता दिखाए। रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है।

# भाजपा 200 सीट का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाएगी : ममता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



गोघाट (पश्चिम बंगाल)/भाषा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि विपक्षी 'इंडि' गठबंधन लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता में आएगा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 200 सीट के आंकड़े को पार नहीं कर पाएगी। उन्होंने कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर बंगाल सरकार को बदनाम करने के लिए राज्य में भाजपा के साथ साठगांठ करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने मतदाताओं से तृणमूल को छोड़कर किसी अन्य दल को वोट नहीं देने की अपील की तथा कहा कि ऐसा करने से भाजपा को फायदा होगा।

आरामबाग लोकसभा क्षेत्र के गोघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा, मैंने ही (विपक्षी गठबंधन का) 'इंडि' नाम रखने का विचार दिया था और राष्ट्रीय स्तर पर हम गठबंधन सहयोगी निरंकुश नरेन्द्र मोदी सरकार का विरोध करने के लिए एकसाथ मिलकर काम कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस, इंडि' गठबंधन को सत्ता में लाने में भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, देखिए, अब मोदी क्या कह रहे हैं-- वह भाजपा के '400 पार' सीट प्राप्त करने का दावा नहीं कर रहे हैं।

# कांग्रेस ने भीमराव आंबेडकर को उचित सम्मान नहीं दिया : प्रह्लाद जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



पटना/भाषा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) तीसरी बार सत्ता में आने पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने का इरादा रखता है।

जोशी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी भी भीमराव आंबेडकर को उचित सम्मान नहीं दिया। उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता झूठ फैला रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाला राजग सत्ता में आने के बाद संविधान बदल देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार भारतीय संविधान के प्रति प्रतिबद्ध है, जिसमें आरक्षण नीतियां भी शामिल हैं, जिन्हें बी आर आंबेडकर ने सामाजिक रूप से उत्पीड़ित वर्गों के उत्थान के लिए विकसित किया था। उन्होंने कहा, कोई भी सरकार संविधान को नहीं बदल सकती...और आरक्षण एक ऐसी चीज है जो भारतीय संविधान के निर्माता आंबेडकर ने हमें दी है, कोई भी ताकत इसे छीन नहीं सकती। कांग्रेस ने दलित आइकन (आंबेडकर) को कभी भी उचित सम्मान नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस अनुसुचित जाति (एससी), अनुसुचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण से वंचित करके मुसलमानों को लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। जोशी ने कहा, जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने आंबेडकर को कभी उचित सम्मान नहीं दिया। उन्हें (आंबेडकर को) 1990 में वी पी सिंह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के दौरान भारत रत्न दिया गया था, जिसे भाजपा का समर्थन प्राप्त था। उन्होंने (कांग्रेस ने) हर कदम पर आंबेडकर का अपमान किया। राजग सरकार ने उनके (आंबेडकर) मकसद को पूरा किया है और उनके दिखाए रास्ते पर चली है।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने आगे कहा, वे केवल मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं जो संविधान के खिलाफ है। कांग्रेस और राजद एससी-एसटी और ओबीसी को आरक्षण से वंचित करके मुसलमानों को लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के तहत मुसलमानों को ओबीसी श्रेणी में शामिल करना चाहती है।

# भाजपा का कुनबा चार जून के बाद बिखर जाएगा : अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बलरामपुर (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विपक्षी गठबंधन 'इंडि' को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भानुमति का कुनबा करार दिए जाने पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा ने लोगों को डरा- धमका कर और लालच देकर खुद कुनबा बनाया है जो चार जून के बाद बिखर जाएगा।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव शनिवार को बलरामपुर में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा की भाजपा चौथे चरण के चुनाव के बाद ही चारो खाने चित हो गई है और उसका रथ फंसा नहीं बल्कि धंस गया है। उन्होंने कहा, भाजपा ने तो लोगों को डरा कर, धमका कर और लालच देकर खुद कुनबा बनाया है जो चार जून के बाद बिखर जाएगा।क्योंकि चार जून के बाद केंद्र से भाजपा की सरकार चली जाएगी।

दरअसल शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फतेहपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था, अभी देश में चार चरण के चुनाव हुए हैं लेकिन जनता-जनार्दन ने इन चार चरणों में ही 'इंडी' गठबंधन को चारों खाने चित्त कर दिया है। भानुमति का कुनबा' बिखरने लगा है, उसने हथियार डाल दिए हैं। बचे हुए चुनाव में कोई मेहनत भी नहीं करना चाहता। 'इंडी' गठबंधन के कार्यकर्ता पहले से ही निराश थे अब उन्होंने घर से निकलना ही छोड़ दिया है। यादव ने कहा कि भाजपा को इस बार 140 से भी कम सीट मिल रही हैं।

यादव ने कहा की भाजपा ने देश के बड़े बड़े उद्योगपतियों का पिछले दस वर्ष में 25 लाख करोड़ का ऋण माफ कर दिया लेकिन किसानों, गरीबों का ऋण नहीं माफ किया और यह सरकार गरीबों, किसानों की नही बल्कि उद्योगपतियों की सरकार है।

# कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा प्रवेश कर गई है : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मालेगांव (महाराष्ट्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विरासत कर लगाने संबंधी कांग्रेस के कथित प्रस्ताव को लेकर तंज करते हुए शनिवार को कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब की आत्मा विपक्षी पार्टी के अंदर प्रवेश कर गई है। आदित्यनाथ ने विरासत कर की तुलना औरंगजेब द्वारा गैर मुस्लिमों पर लगाए गए 'जजिया' कर से की।

महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में धुले सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश भामरे के पक्ष में एक रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महज सत्ता के लिए नहीं बल्कि विकसित भारत का निर्माण करने के लिए चुनाव लड़ रही है।

आदित्यनाथ ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि नरेन्द्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही देश को सुरक्षा प्रदान कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और 'इंडी' गठबंधन के पास न कोई नेता है, न नीति, न दृष्टिकोण है और कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग के घोषणापत्र जैसा है।

आदित्यनाथ ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय का आरक्षण देना चाहती है।

उप्र के मुख्यमंत्री ने कहा, विरासत कर औरंगजेब द्वारा लगाए गए जजिया कर की तरह है। औरंगजेब की आत्मा कांग्रेस के अंदर प्रवेश कर गई है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस और उसके 'इंडी' गठबंधन के सहयोगियों के लिए चुनाव जीतना देश को लूटने का एक माध्यम है, लेकिन भाजपा के लिए यह भारत को एक मजबूत ताकत बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद दुनिया में भारत का कद बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले सीमाएं असुरक्षित थीं और घुसपैठ करने और आतंकवादियों द्वारा विस्फोट किए जाने की घटनाए होती थीं।

आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 से पूर्व में हर हिंदू त्योहार से पहले दंगे होते थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के 140 करोड़ लोगों की भावनाओं का प्रतीक है।

# रायबरेली: अभेद्य लग रहा कांग्रेस का किला, भाजपा भी दिखा रही दमखम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायबरेली (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** चर्चा में रहने वाले इस लोकसभा क्षेत्र में हो रही हर राजनीतिक चर्चा गांधी नाम के जिक्र के बिना अधूरी है। राम मंदिर, मोदी का नाम, सरकार की मुफ्त राशन योजना, गरीबों के लिए पक्के मकान, आवारा पशु और भाजपा के सत्ता में आने पर संविधान बदलने के कांग्रेस के आरोप चुनाव में चर्चा का विषय हैं। लेकिन गांधी परिवार इने सब पर हावी है।

कांग्रेस के वर्चस्व का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वह आजादी के बाद से केवल तीन बार - 1977, 1996 और 1998 में रायबरेली हारी है। सोनिया गांधी ने 2004 से लगातार चार बार इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और अब उन्होंने अपने बेटे राहुल गांधी को कमान सौंप दी है।

गांधी परिवार का गढ़ रहे पड़ोसी लोकसभा क्षेत्र अमेठी में पिछले चुनाव में भाजपा की नेता स्मृति ईरानी से हार का सामना करने वाले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का मुकाबला भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह से है।

रिक्शा चालक सोनू पांडे ने कहा, यहां तो पंजा चलता है, ये गांधी परिवार का गढ़ है। कोई भी उम्मीदवार हो, गांधी परिवार ही जीतेगा। यहां सिर्फ मतों के अंतर की बात है।

खिलौनों की दुकान के मालिक रवींद्र सिंह का भी ऐसा ही मानना है। उनके विचार से राहुल गांधी यहां से जीत जाएंगे क्योंकि गांधी परिवार के साथ रिश्ता अन्य चीजों से ऊपर है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, पिछली बार देश में अलग तरह की भावना थी और फिर भी सोनिया गांधी जी 1,67,000 से अधिक मतों से जीती थीं। इसलिए इस बार राहुल के लिए कोई परेशानी नहीं है। दिलचस्पी केवल मतों के अंतर को लेकर है। रायबरेली में जारी चुनावी जंग का दूसरा पहलू भी है।

भाजपा समर्थकों का कहना है कि राम मंदिर के निर्माण से पार्टी को फायदा हो सकता है, लेकिन वे अपनी चुनौतियों से भी अवगत हैं और मानते हैं कि यह दिनेश सिंह के लिए एक कठिन चुनावी मुकाबला है, जो 2019 के लोकसभा चुनावों में सोनिया गांधी से हार गए थे। रायबरेली शहर के एक टैक्सी चालक आलोक सिंह ने कहा कि वह भाजपा को वोट देंगे। उन्होंने कहा कि सदियों के इंतेजार के बाद आखिरकार मोदी सरकार में राम मंदिर बना। हालांकि, वह यह भी मानते हैं कि यहां से भाजपा की जीत मुश्किल नजर आ रही है। उन्होंने कहा, मैं भाजपा समर्थक और मतदाता हूं क्योंकि मुझे लगता है कि गांधी परिवार ने यहां लंबे समय तक शासन किया है और जो विकास होना चाहिए था वह नहीं हुआ है, हालांकि मैं किसी भ्रम में नहीं रहना चाहता... 99 प्रतिशत राहुल जीतेंगे।

राहुल गांधी को अमेठी के बजाय रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने पर कई लोगों का मानना है कि उन्हें यहां से इसलिए प्रत्याशी बनाया गया क्योंकि यह अपेक्षाकृत सुरक्षित सीट है। गांधी परिवार के प्रति जुड़ाव यहां हर जगह देखने को मिलता है। कांग्रेस ने यहां के लिए 'रायबरेली के राहुल' नारा दिया है और पार्टी पीढ़ियों से चले आ रहे भावनात्मक जुड़ाव पर जोर देती रही है।

## भारत को विपक्ष मुक्त बनाना चाहती है भाजपा : सचिन पायलट


**बालासोर (ओडिशा)/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर प्रतिशोध की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि वह भारत को ''विपक्ष मुक्त'' बनाना चाहती है।



पायलट ने कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना के पक्ष में बालासोर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर ईंधन और रसोई गैस सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने में पूरी तरह से विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, देशभर के लोगों ने केंद्र सरकार को बदलने का मन बना लिया है, जो 'अच्छे दिन' के अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा, भाजपा भारत को विपक्ष मुक्त बनाना चाहती है। उन्होंने कांग्रेस के बैंक खाते के लेनदेन पर रोक लगा दी...दो मुख्यमंत्रियों को जेल भेज दिया गया। पायलट ने आरोप लगाया कि निरंकुश कार्यशैली के कारण प्रमुख संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता भी दांव पर है।

# इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने खेल का संतुलन बिगाड़ा : विराट कोहली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




बेंगलूरु/भाषा। कप्तान रोहित शर्मा से सहमति जताते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है। आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी।

अब कोहली ने जियो सिनेमा से कहा, मैं रोहित का समर्थन करता हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन संतुलन भी होना चाहिए। इससे खेल का संतुलन बिगड़ा है और कई लोगों को ऐसा लगता है, सिर्फ मुझे नहीं।

रोहित ने पॉडकास्ट में कहा, मैं इस नियम का मुरीद नहीं हूं। इससे हरफनमौलाओं पर विपरीत असर पड़ेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है, 12 का नहीं।

आईपीएल के इस सत्र में आठ बार 250 रन से अधिक का स्कोर बना और कोहली गेंदबाजों का दर्द समझते हैं। उन्होंने कहा, ' गेंदबाजों को लग रहा है कि हम क्या करें। मैने कभी ऐसा नहीं देखा जब गेंदबाजों को लगता है कि वे हर गेंद पर चार या छह रन देंगे। हर टीम के पास बुमराह या राशिद खान तो है नहीं। उन्होंने कहा, एक अतिरिक्त बल्लेबाज के कारण पावरप्ले में मैं 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से खेल रहा हूं क्योंकि मुझे पता है कि आठवें नंबर पर भी एक बल्लेबाज है। मेरा मानना है कि शीर्ष स्तर पर क्रिकेट में इस तरह का दबदबा नहीं होना चाहिए। बल्ले और गेंद के बीच समान संतुलन होना चाहिए।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि यह नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया है ताकि दो भारतीय खिलाड़ियों को एक मैच में मौका मिल सके। कोहली ने कहा, मुझे यकीन है कि जय भाई ने कहा है कि वह इसकी समीक्षा करेंगे और मुझे यकीन है कि ऐसा निष्कर्ष निकलेगा कि खेल में संतुलन पैदा हो सके।

# अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका लेकिन ज्यादा सोचने का क्या फायदा : रोहित



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में वह अपने मानदंडों के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर सके लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा माथापच्ची करने की बजाय सकारात्मक सोच के साथ गलतियों पर काम करने पर फोकस किया।

पांच बार के आईपीएल चैम्पियन कप्तान रोहित आईपीएल के इस सत्र में दूसरे चरण में छह मैचों में 20 रन से अधिक की पारी नहीं खेल सके। उन्होंने जियो सिनेमा मैच सेंटर लाइव पर कहा, एक बल्लेबाज के तौर पर मैं जानता हूं कि अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका लेकिन इतने साल खेलने के बाद मुझे इतना पता है कि जरूरत से ज्यादा सोचूंगा तो अच्छा नहीं खेल पाऊंगा। उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 38 गेंद में 68 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

रोहित ने कहा, मैं सकारात्मक रहने की कोशिश करता हूं। अभ्यास करता रहता हूं और अपनी गलतियों पर काम करता हूं। हमारा यह सत्र अच्छा नहीं रहा और इसके लिए हम ही कसूरवार हैं क्योंकि हमने काफी गलतियां की। हमने ऐसे मैच गंवाए जो जीतने चाहिए थे लेकिन आईपीएल में ऐसा ही होता है। आपको मौके कम मिलते हैं और जो मिलते हैं तो उन्हें गंवाना नहीं चाहिए।

भारतीय कप्तान ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप की 70 प्रतिशत टीम आईपीएल के पहले ही तय कर ली गई थी। उन्होंने कहा, आईपीएल में प्रदर्शन में उतार चढाव आते रहते हैं। हमने उस पर ज्यादा फोकस नहीं किया। आईपीएल के इस सत्र से पहले ही विश्व कप टीम के 70 प्रतिशत खिलाड़ियों को अपनी भूमिका का पता था।

## सुविचार

**जिंदगी में किसी इंसान को अस्वीकार मत करना, क्योंकि अगर अच्छा होगा तो आपको खुश रखेगा, या बुरा हुआ तो आपको अनुभव देगा, दोनों ही आपके लिए अच्छा है।**

## ट्वीट

माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण में आपका योगदान अनुकरणीय है। आशा है आपकी दूरदृष्टि एवं वृहद अनुभव भविष्य में भी देशवासियों का मार्गदर्शन करता रहेगा।

-ओम बिरला



गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र के दीनानगर में बूथ-शक्ति केंद्र सम्मेलन में सम्मिलित हुआ। भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह 'बब्बू' की तरह पूरे राज्य में भाजपा प्रत्याशियों को मिल रहा अपार समर्थन बता रहा है कि हमारे विरोधी दलों ने जनता का विश्वास तोड़ा है।

-नरेन्द्र मोदी



## कहानी

# गुनाह

पुष्पेश कुमार 'पुष्प'
मोबाइल : 09135014901

नवीन कुमार शहर के सबसे बड़े उद्योगपति होने के साथ-साथ मिलनसार और सामाजिक संस्थाओं के संचालक थे। सामाजिक कार्यों में वे दिल खोलकर रुपये खर्च करते थे। यही कारण था कि डॉक्टर अजीत नवीन कुमार को सम्मान की दृष्टि से देखते थे। उनके हर कार्यक्रम में डॉ. अजीत अवश्य शामिल होते थे। आज कार्यक्रम के समाप्त होते होते रात हो गयी और डॉ. अजीत का अस्पताल में ड्यूटी का समय हो गया था। वे नवीन कुमार से विदा लेकर अस्पताल की ओर निकल गये।

डॉ. अजीत काफी थके लग रहे थे। वे अपनी गाड़ी के पिछली सीट पर आंखें बंद किये बैठे थे। रात काफी हो गयी थी। अचनाक बिजली कड़कने लगी। फिर जोरों की बारिश होने लगी। तभी उस भयावह सुनसान रात में ड्राइवर ने जल्दी से ब्रेक लगाया। गाड़ी एक झटके में रुक गयी।

डॉ. अजीत का ध्यान भंग हुआ और वे आश्चर्य से बोले- गाड़ी क्यों रोक दी?

ड्राइवर घबराये स्वर में बोला- साहब ! बीच सड़क पर एक युवती पड़ी है। जिंदा है या ....।

यह सुनकर डॉ. अजीत चौंके। फिर बोले - समय खराब है। हो सकता है कि यह सड़क लुटेरों की कोई चाल हो। फिर सुनसान रात।

क्या करूं? उस पर गाड़ी चढ़ा दूं। ड्राइवर बोला। चलो चलकर देखते हैं, जो होगा देखा जाएगा। डॉ. अजीत हिम्मत जुटाकर बोले। डॉ. अजीत और ड्राइवर गाड़ी से बाहर निकले। वे दोनों बारिश में भींगते हुए उस युवती की ओर बढ़े। डॉ. अजीत कड़कती बिजली की रोशनी में यह देखकर कांप गये कि युवती का चेहरा व पूरा शरीर झुलसा हुआ था। फिर अपने आप को संभालते हुए डॉ. अजीत उसके नाक पर हाथ रखा। उसकी सांसें चल रही थी। लगता है किसी ने इसके चेहरे व शरीर पर तेजाब उड़ेलकर मारने की कोशिश की है, ताकि कोई साबूत न बचे।

यह ज्यादा देर नहीं बचेगी, साहब ! चलिए गाड़ी में बैठ जाइए। इस लफड़े में मत फंसिए। ड्राइवर घबराये स्वर में बोला। नहीं, नहीं ! मैं एक डॉक्टर हूं और इसे यूं ही मरने के लिए नहीं छोड़ सकता। चलो इसे अस्पताल लेकर चलते हैं। डॉ. अजीत बोले। यह पुलिस का मामला है। आप पुलिस को क्या जवाब देंगे ? ड्राइवर बोला।

जो सच है बता दूंगा। पहले इसकी जान बचानी जरुरी है। एक डॉक्टर का परम कर्तव्य है, मरीज की जान बचाना। हर एक इंसान का फर्ज बनता है, मौत से जूझते लोगों को अस्पताल पहुंचाना। यही मानवता और नैतिकता है। डॉ. अजीत बोले। और दोनों ने उस युवती को उठाकर कार में डाला। अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती करवाया। डॉ. अजीत पुलिस को फोन कर उसकी चिकित्सा में जुट गये। वह युवती जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रही थी। डॉ. अजीत पटना के कई बड़े डॉक्टरों से इस मामले में विचार-विमर्श कर रहे थे कि पुलिस वहां आ गयी।

पुलिस ने पूछा- वह आपको कहां मिली ? उसके परिवार का कोई आदमी आया कि नहीं ? मैं उसका बयान लेना चाहता हूं। डॉ. अजीत ने सारी कहानी सुना दी और पुलिस को उसके पास ले गये। बोले - यह अभी जीवन और मौत से संघर्ष कर रही है। यह जिंदा तो जरूर है, किंतु जिंदा लाश बनी हुई है। अभी बेहोशी की हालत में है। अभी तक इसका कोई परिवार वाला नहीं आया है। फिर इसका चेहरा और पूरा शरीर झुलसा हुआ है। ऐसे में इसकी पहचान मुश्किल ही है। साबूत मिटाने के लिए इसे तेजाब से नहलाया गया है। मैं उधर से गुजर रहा था, तो इसे उठा लाया ; अन्यथा यह वही पर दम तोड़ देती। अब शायद होश आने पर ही यह अपने बारे में बतायेगी। इसकी शिनाख्त करवाना अब आप लोगों का काम है। आप ठीक कह रहे हैं, डॉक्टर! ऐसी हालत में इसकी पहचान मुश्किल ही है। अब तो इसके होश में आने पर ही इसके परिवार के बारे में पता चल पायेगा। आखिर किसने इसे तेजाब से नहलाया और क्यों? यह सब तो यही बतायेगी। अच्छा! अब मैं चलता हूं। इसके होश में आते ही खबर कीजिएगा। इतना कहकर पुलिस चली गयी।

डॉ. अजीत की समझ में कुछ नहीं आ रहा था कि इसकी जान कैसे बचाई जाए? पटना के कई बड़े डॉक्टर सुबह में आकर देखने की बात कही थी। क्या सुबह तक यह जिंदा रह पाएगी? डॉ. अजीत के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिख रही थी। उन्होंने नर्स को बुलाया और दर्द कम करने का इंजेक्शन लगाने को कहा। नर्स इंजेक्शन हाथ में लिए सोच में पड़ गयी कि इंजेक्शन लगाऊं तो कहां? वह डॉ. अजीत से बोली- डॉक्टर ! यह तो बुरी तरह जली है। कोई ऐसा अंग बचा नहीं है, जहां इंजेक्शन लगाऊं? डॉ. अजीत ने कहा- देखो ! कोई तो अंग सही होगा, जहां इंजेक्शन लग सकता है।

डॉक्टर! इसके सारे शरीर की चमड़ी उखड़ रही है। न जाने किस कसाई ने इसके साथ ऐसा किया है ? किस बात का बदला लिया है इससे। नर्स उसके शरीर का मुआयना करते हुए बोली।

तभी डॉ. अजीत की निगाह उसके हाथ पर गयी। हाथ सही-सलामत था। इसके हाथ में इंजेक्शन लगओ और साफ कर सारे जले हुए अंग पर दवा लगओ। वे अपनी आंखें बंद किये हुए बोले, क्योंकि उसके वीभत्स रुप को देखकर उनका रोम-रोम कांप रहा था। इसे जान-बूझकर तेजाब से नहलाया गया है, क्योंकि इसके हाथ में सोने की अंगूठी और गले में मंगल सूत्र मौजूद है। यह कहीं से छिन-झपट का मामला नहीं लगता। नर्स इंजेक्शन लगाते हुए बोली।

हेली उनके पड़ोस में ही रहती थी। हेली हमेशा उनके घर आया करती थी। हेली के मां-बाप इस दुनिया में नहीं थे। चाचा-चाची ने पाल-पोसकर बड़ा किया था। हेली बहुत चुलबुली थी और उन्हें बहुत परेशान किया करती थी। उन्हें चिढ़ाने में उसे बड़ा मजा आता था। वे चुपचाप उसकी हरकतों का विरोध किये बिना एकटक उसे निहारते रहते। हेली उन्हें पसंद करती थी और एक दिन अपने प्यार का इजहार उनके सामने कर ही दी। वे मेडिकल की तैयारी कर रहे थे। दिन भर तो वे किताबों में खोये रहते थे। उस दिन आते ही बोली- अभी डॉक्टर नहीं बने हो, तो एक बार भी अपनी हेली को याद नहीं करते हो। जब डॉक्टर बन जाओगे, तो मुझे भूल ही जाओगे। कभी मेरी नशीली आंखों में उतरकर देखो। कभी प्यार के सागर में गोते लगाकर देखो ! बस सारा दिन दीमक की तरह किताब को चाटते रहते हो। मैं तुमसे कितना प्यार करती हूं, इस बात का अंदाजा भी है तुम्हें। तुम एकदम बुद्धू हो, कुछ समझते नहीं। इतना कहकर वह उनकी किताब झपट लीं।

वे सब समझते थे, लेकिन खुलकर अपने प्यार का इजहार नहीं कर पा रहे थे। वे बिना कुछ बोले उसे प्यार भरी निगाहों से देखा और किताब उसके हाथ से वापस ले लिया। वे फिर किताबों में खो गये। तब हेली किताब को उनकी निगाहों से हटते हुए बोली- ज्यादा पढ़ोगे, तो दिमाग खराब हो जाएगा। कुछ तो दिमाग को आराम दो। कहीं दिमाग खराब हुआ, तो डॉक्टर बनने से रहे। यूं ही सड़क पर मारे फिरोगे। हेली के सौंदर्य और उसकी वाणी की मधुरता उन्हें अपनी ओर आकर्षित कर लेती। वे टुकर-टुकर उसकी बातों को सुनते रहते मानो वह यूं ही जीवन भर उनके पास बैठी बोलती रहे। वे भी तो हेली को पसंद करते थे और अपने दिल में बसाये हुए थे। हेली अपने प्यार का इजहार कर दी थी, लेकिन वे अपने प्यार का इजहार नहीं कर पाये थे। जब तक वे अपने प्यार का इजहार कर पाते।

इसके पूर्व ही हेली की शादी एक अमीर घराने में उसके चाचा-चाची ने तय कर दी थी। लड़का बहुत बड़ा व्यवसायी था। धन-दौलत की कोई कमी नहीं थी। घर में अपार धन बिखरा पड़ा था। उसकी चाची ने उनकी मां से कहा- मेरी हेली के तो भाग्य ही खुल गये। बड़े घराने के लोग हैं। वे लोग हेली को देखते ही पसंद कर लिया। लड़का भी सुंदर और सुशील है। सारा काम वही देखता है।

उनकी मां ने कहा- यह तो बहुत बड़ी खुशखबरी सुनायी आपने। हेली है ही ऐसी, जो उसे एक बार देख ले ; तो उसे नापसंद कर ही नहीं सकता। ऐसी लड़की किस्मत वालों को ही मिलती है। शादी की तारीख कब बैठी है। अगले ही महीने शादी की तारीख तय हुई है। शादी पटना में होगी। आप अजीत को लेकर जरुर आइएगा। हेली की चाची उत्साहित स्वर में बोली। यह सुनते ही उनकी आंखों के आगे अंधेरा छा गया। हेली अब उनकी जिंदगी से दूर चली जाएगी। उनके प्यार के फूल खिलने के पहले ही किसी और ने काली को तोड़ लिया। हेली तो किसी और की हो गयी। उनके प्यार का सपना टूटकर बिखर गया था। अब चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते थे। वे भीतर से एकदम टूट गये थे। शादी के एक दिन पहले हेली उनसे मिलने आयी थी। वे उसे देखते ही अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। हेली एक बार उनसे मिलने की दुहाई देती रही, लेकिन वे कमरे का दरवाजा नहीं खोले। वे भी हेली से मिलना चाहते थे, लेकिन अब मिलकर भी क्या करते? यही सोचकर अपने दिल पर पत्थर रख लिया था।

हेली आंसू बहाते हुए बोली- मैं तुम्हें बहुत सतायी हूं न इसलिए मुझे देखना भी पसंद नहीं करते। मैं इतनी बुरी नहीं हूं, जितना तुम समझते हो। ठीक है अब कभी तुमसे नहीं मिलूंगी। तुम्हारी जिंदगी से दूर जा रही हूं। हो सके तो मुझे माफ कर देना। इतना कहकर हेली आंसुओं के समंदर में गोता लगाते हुए वहां से चली गयी। तभी नर्स ने डॉ. अजीत का ध्यान भंग किया- डॉक्टर! यह होश में आ रही है। अजीत हड़बड़ाकर उसकी ओर देखने लगे। वह 'नवीन, नवीन! ' बुदबुदाने लगी। तुम्हारा नाम क्या है ? तुम्हारा ये हाल किसने किया है ? तुम्हारे परिवार वाले कहां रहते हैं? डॉ. अजीत ने प्रश्न किया। वह अपनी आंखें खोली और डॉ. अजीत को देखते हुए बोली - आखिर तुमसे मुलाकात हो ही गयी। तुम यहां कैसे? उसकी बातें सुनकर डॉ. अजीत अवाक रह गये और बोले- हेली! हां, मैं हेली हूं। मेरे पति का नाम नवीन कुमार है । वे इस शहर के बहुत बड़े व्यवसायी हैं। उन्हें बुलाओ। आज मैं तुम्हें अपने देवता स्वरुप पति से मिलवाऊंगी। यह कहते हुए उसकी आंखें डबडबा आयी।

हां, हां, मैं उन्हें अभी बुलाता हूं, लेकिन तुम्हारा ये हाल किसने किया ? मैं इस अस्पताल में डॉक्टर हूं। इतना कहकर डॉ. अजीत नवीन कुमार और पुलिस को उसके होश में आने की सूचना दे दी। नवीन कुमार फौरन अस्पताल आ गये। साथ ही पुलिस भी आ गयी। नवीन कुमार हेली को इस हालत में देखकर चीख पड़े- किस हरामजादे ने तुम्हारा ये हाल किया है, मैं उसे छोड़ूंगा नहीं। और नवीन कुमार फूट-फूटकर रोने लगे। डॉ. अजीत नवीन कुमार को सांत्वना देते हुए बिठाया। पुलिस बयान लेने के लिए आगे बढ़ी और हेली से पूछताछ करने लगी- आपको तेजाब से किसने नहलाया? मैं अपनी सहेली से मिलकर पैदल ही घर आ रही थी कि रात के अंधेरे में किसी ने मेरे ऊपर तेजाब उड़ेल दिया। इससे पहले कि मैं उसे देख पाती। वह अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। फिर मैं बीच सड़क पर गिर गयी। इसके बाद क्या हुआ? मुझे याद नहीं। हेली बोली।

मैं उस हरामजादे का पता लगाकर ही रहूंगा। वह भागकर कहां जाएगा? मुजिरम चाहे कितना शातिर क्यों न हो पुलिस कि गिरफ्त में आ ही जाता है? नवीन बाबू आप निश्चिंत रहे। पुलिस उस कमीने का पता लगाकर ही रहेगी। उसे फांसी के फंदे तक पहुंचाकर ही रहूंगा। अच्छा अब मैं चलता हूं। पुलिस इंस्पेक्टर बोले। इंस्पेक्टर साहब ! वह कमीना किसी भी कीमत बचना नहीं चाहिए। यदि वह कमीना मेरे सामने आ गया, तो मैं उसका खून पी जाऊंगा। नवीन कुमार क्रोधित स्वर में बोले।

आप चिंता क्यों करते हैं ? उसे सजा दिलवाना पुलिस का काम है। इंस्पेक्टर नवीन कुमार को आश्वस्त करते हुए वहां से निकल गये।

नवीन बाबू के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। डॉ. अजीत उनके कंधे पर हाथ रखते हुए बोले- नवीन बाबू! आप यहां से चलिए। अपने आपको संभालिए! आप टूट जाएगे, तो कैसे काम चलेगा। इसकी जान बचाने की मैं पूरी कोशिश करूंगा। मैंने पटना के बड़े डॉक्टर को भी बुलाया है। डॉक्टर ! आप पैसों की चिंता न करें। चाहे जितना रुपया लगे, लेकिन हेली को कुछ नहीं होना चाहिए। नवीन बाबू बोले।

हेली अपने पति को प्यार भरी निगाहों से देख रही थी। डॉ. अजीत नवीन बाबू को अपने केबिन में ले गये। वहां बिठाते हुए बोले- ऐसा लगता है किसी ने उसे जान बूझकर तेजाब से नहलाया है। आखिर उसके साथ ऐसा क्यों किया? यह मैं समझ नहीं पा रहा हूं। वह बुरी तरह से झुलस चुकी है। उसका बचना मुश्किल ही है, लेकिन मैं उसकी इलाज में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। पटना से डॉक्टरों की टीम आने वाली है। आप निराश न हो, मैं उसे मरने नहीं दूंगा।

नवीन कुमार मौन बैठे डॉ. अजीत को अजीब निगाहों से देखते हुए बोले - डॉक्टर! उसे मर जाने दो। उसे बचाकर क्या करोगे? उसके झुलसे चेहरे को देखकर बच्चे डर जाएगे। उसे देखकर मेरा मन घृणा से भर उठता है। उसे बचाने की कोई आवश्यकता नहीं। बेकार में इतना परिश्रम कर रहे हो, दोस्त! उसे इस संसार मुक्त हो जाने दो।

यह सुनकर डॉ. अजीत के होशो-हवास उड़ गये। लेकिन एक डॉक्टर का फर्ज बनता है, मरीज को मौत के मुंह से निकालना न कि उसे मौत के मुंह में ढकेल देना। मानवता और नैतिकता मुझे ऐसा करने की अनुमति नहीं देता। तुम ही तो वहां कह रहे थे.....। और डॉ. अजीत आगे कुछ नहीं बोल पाये। वहां पर मैं क्या बोलता? बात दरअसल यह है कि वह एक चरित्रहीन औरत है। नींद में भी अपने प्रेमी का नाम बड़बड़ाते रहती है। वह किसी लड़के से प्यार करती थी और आज भी उसे भुला नहीं पायी है। मैं बदसूरत औरत को सहन कर सकता हूं, लेकिन एक चरित्रहीन औरत के साथ अपनी जिंदगी नहीं बिता सकता। मेरे ही आदमियों ने उसे तेजाब से नहलाया है। वह अभी तक कैसे सांसें ले रही है ? उसकी सांसें तो अब तक थम जानी चाहिए थी। तुम उसे मर जाने दो। मुझे उस चरित्रहीन औरत के मरने का गम नहीं है। तुम्हें कितना रुपया चाहिए, मैं देने को तैयार हूं।

यह सुनकर डॉ. अजीत गुस्से से कांप गये और बोले- तुम्हारे जैसा नीच और कमीना इंसान मैंने अपने जीवन में नहीं देखा। आखिर उसका गुनाह क्या था, जो उसे इतनी बड़ी सजा दी ? उसका गुनाह यही था न कि उसने अपने अतीत में किसी से प्यार करती थी। वो उसका अतीत था और तुम उसके अतीत के साये में जी रहे थे, लेकिन वह अपना अतीत भूल चुकी थी। किंतु तुम उसके अतीत को भुला नहीं पाये। उस अतीत का बदला तुमने इस प्रकार लिया। दया और करुणा की आड़ में तुम जैसे लोग ही मानवता का गला घोंटते हैं। तुम्हें उससे इतना ही नफरत था, तो उसकी जिंदगी से दूर चले जाते। उसे मौत के मुंह में क्यों ढकेल दिया ? वह तो तुम्हें देवता मानती है और तुम शैतान से भी गये - गुजरे निकले। तुम्हें शैतान कहना भी शैतान को गाली देने के बराबर है, क्योंकि उसका भी कुछ उसूल होता है। अरे ! वह तो गंगा की तरह पवित्र है। तू मेरी नजरों से दूर हो जाओ। वरना तुम्हारा क्या हश्र करुंगा, यह मैं भी नहीं जानता। और डॉ. अजीत उसके गिरवान पकड़े अपने केबिन से बाहर कर दिया।

डॉ. अजीत डॉक्टरों की टीम के साथ हेली के पास गये। हेली बोली - अजीत ! मैं बच जाऊंगी न। मैं अभी मरना नहीं चाहती। तुम मुझे बचा लोगो न। तुमने देखा न कि मेरे पति मुझसे कितना प्यार करते हैं। वे कितने भोले-भाले और देवता के समान हैं।

डॉ. अजीत के मुंह से शब्द नहीं निकल पा रहे थे। वे बस हेली को एकटक निहारते हुए सोच रहे थे - हेली को जब पता चलेगा कि जिसे वह देवता की तरह पूजती है, वह तो इस धरती का सबसे बड़ा शैतान है। तब उसके दिल पर क्या गुजरेगी ? हेली का यही गुनाह था कि वह मुझसे प्यार करती थी, लेकिन फिर भी गंगा की तरह पवित्र थी। मात्र अपने प्रेमी के नाम बड़बड़ाने की इतनी बड़ी सजा! प्यार करना गुनाह कैसे हो सकता है ?

हर कोई तो अपने जीवन में इस रास्ते से गुजरता है, लेकिन हेली तो अपने प्यार की कुर्बानी देकर अपने पति के प्रति समर्पित थी। फिर इसकी इतनी बड़ी सजा क्यों दी उसके कमीने पति ने? तुम कुछ बोलते क्यों नहीं, अजीत ? मैं बच जाऊंगी न ! हेली डॉ. अजीत का ध्यान भंग करते हुए बोली। हां, हेली ! मैं तुम्हें बचा लूंगा। तुम्हें कुछ नहीं होने दूंगा। तुम जल्द ही स्वस्थ हो जाओगी। डॉ. अजीत उसे एकटक निहारते हुए शून्य में खो गये।

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# अपरिग्रह

नववर्ष के आरंभिक दिनों में एक चित्र प्राय: देखने को मिलता है। कोई परिचित डायरी दे जाता है। प्राप्त करनेवाले को याद आता है कि बीते वर्षों की कुछ डायरियाँ कोरी की कोरी पड़ी हैं। लपेटे रखे कुछ कैलेंडर भी हैं। डायरी, कैलेंडर जिनका कभी उपयोग ही नहीं हुआ। मनुष्य से अपेक्षित है अपरिग्रह। मनुष्य ने 'बाई डिफॉल्ट' स्वीकार कर लिया अनावश्यक संचय। जो अपने लिये भार बन जाए वह कैसा संचय?

इसी संदर्भ में विपरीत ध्रुव की दो घटनाएँ स्मरण हो आईं। हाऊसिंग सोसायटी के सामने की सड़क पर रात दो बजे के लगभग दूध की थैलियाँ ले जा रहा ट्रक पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भय से ड्राइवर भाग खड़ा हुआ। आवाज़ इतनी प्रचंड थी कि आसपास के 500 मीटर के दायरे में रहनेवाले लोग जाग गए। आवाज़ से उपजे भय के वश कुत्ते भौंकने लगे। देखते-देखते इतनी रात गए भी भीड़ लग गई। सड़क दूध की फटी थैलियों से पट गई थी। दूध बह रहा था। कुछ समय पूर्व भौंकने वाले चौपाये अब दूध का आस्वाद लेने में व्यस्त थे और दोपाये साबुत बची दूध की थैलियाँ हासिल करने की होड़ में लगे थे। जिन घरों में रोज़ाना आधा लीटर दूध ख़रीदा जाता था, वे भी चार, छह, आठ जितना लीटर हाथ लग जाए, बटोर लेना चाहते थे। जानते थे कि दूध नाशवान है, टिकेगा नहीं पर भीतर टिक कर बैठा लोभ, अनावश्यक संचय से मुक्त होने दे, तब तो हाथ रुकें!

खिन्न मन दूसरे ध्रुव पर चला आता है। सर्दी के दिन हैं। देर रात फुटपाथ पर घूम-घूमकर ज़रूरतमंदों को यथाशक्ति कंबल बाँटने का काम अपनी संस्था के माध्यम से हम करते आ रहे हैं। उस रात भी मित्र की गाड़ी में कंबल भरकर निकले थे। लगभग आधी रात का समय था। अस्पताल की सामने की गली में दाहिने ओर के फुटपाथ पर एक माई बैठी दिखीं। एक स्वयंसेवक से उन्हें एक कंबल देकर आने के लिए कहा। आश्चर्य ! माई ने कंबल लेने से इंकार कर दिया। आश्चर्य के निराकरण की इच्छा ने मुझे सड़क का डिवाइडर पार कर उनके सामने खड़ा कर दिया। ध्यान से देखा। लगभग सत्तर वर्ष की अवस्था। संभवत: किसी मध्यमवर्गीय परिवार से संबंधित जिन्होंने जाने किस विवशता में फुटपाथ की शरण ले रखी है।... 'माई ! आपने कंबल नहीं लिया?' उनके चेहरे पर स्मित उभर आया। अपने सामान की ओर इशारा करते हुए साफ़ भाषा में स्नेह से बोलीं, बेटा! मेरे पास दो कंबल हैं। मेरा जीवन इनसे कट जाएगा। ज़्यादा किसलिये रखूँ? इसी सामान का बोझ मुझसे नहीं उठता, एक कंबल का बोझ और क्यों बढ़ाऊँ? किसी ज़रूरतमंद को दे देना। उसके काम आएगा!

ग्रंथों के माध्यम से जिसे समझने-बूझने की चेष्टा करता रहा, वही अपरिग्रह साक्षात सामने खड़ा था। नतमस्तक हो गया मैं!

कबीर ने लिखा है,

कबीर औंधि खोपड़ी, कबहुँ धापै नाहि।
तीन लोक की सम्पदा, कब आवै घर माहि।

पेट भरा होने पर भी धापा हुआ अथवा तृप्त अनुभव न करो तो यकीन मानना कि अभी सच्ची यात्रा का पहला कदम भी नहीं बढ़ाया है। यात्रा में कंबल ठुकराना है या दूध की थैलियाँ बटोरनी हैं, यह स्वयं तय करो।

## बोध कथा

# भूखी चिड़िया

सालों पहले एक घंटाघर में टींकू चिड़िया अपने माता-पिता और 5 भाइयों के साथ रहती थी। टींकू चिड़िया छोटी सी थी। उसके पंख मुलायम थे। उसकी मां ने उसे घंटाघर की ताल पर चहकना सिखाया था। घंटाघर के पास ही एक घर था, जिसमें पक्षियों से प्यार करने वाली एक महिला रहती थी। वह टींकू चिड़िया और उसके परिवार के लिए रोज रोटी का टुकड़ा डालती थी।

एक दिन वह बीमार पड़ गई और उसकी मौत हो गई। टींकू चिड़िया और उसका पूरा परिवार उस औरत के खाने पर निर्भर था। अब उनके पास खाने के लिए कुछ नहीं था और न ही वो अपने लिए खान जुटाने के लिए कुछ करते हैं।

**भूख से बेहाल होने पर टींकू चिड़िया के पिता ने कीड़ों का शिकार करने का फैसला किया। काफी मेहनत करने के बाद उन्हें 3 कीड़े मिले, जो परिवार के लिए काफी नहीं थे। वे 8 लोग थे, इसलिए उन्होंने टींकू और उसके 2 छोटे भाइयों को खिलाने के लिए कीड़े साइड में रख दिए।**

एक दिन भूख से बेहाल होने पर टींकू चिड़िया के पिता ने कीड़ों का शिकार करने का फैसला किया। काफी मेहनत करने के बाद उन्हें 3 कीड़े मिले, जो परिवार के लिए काफी नहीं थे। वे 8 लोग थे, इसलिए उन्होंने टींकू और उसके 2 छोटे भाइयों को खिलाने के लिए कीड़े साइड में रख दिए।

इधर, खाने की तलाश में भटक रही टींकू, उसके भाई और उसकी मां ने एक घर की खिड़की में चोंच मारी, ताकि कुछ मिल जाए, लेकिन कुछ नहीं मिला। उल्टा घर के मालिक ने उनपर राख फेंक दी, जिससे तीनों भूरे रंग के हो गए। उधर, काफी तलाश करने के बाद टींकू के पिता को एक ऐसी जगह मिली, जहां काफी संख्या में कीड़े थे। उनके कई दिनों के खाने का इंतजाम हो चुका था। वह जब खुशी-खुशी घर पहुंचा, तो वहां कोई नहीं मिला। वह परेशान हो गया। तभी टींकू चिड़िया, उसका भाई और मां वापस लौटे, तो पिता उन्हें पहचान नहीं पाए और गुस्से में उन्होंने सबको भगा दिया। टींकू ने पिता को समझाने की काफी कोशिश की। उसने बार-बार बताया कि किसी ने उनके ऊपर रंग फेंका है, लेकिन टींकू के हाथ असफलता ही लगी।

उसकी मां और भाई भी निराश हो गए, लेकिन टींकू ने हार नहीं मानी। वह उन्हें लेकर तालाब के पास गई और नहलाकर सबकी राख हटा दी। तीनों अब अपने पुराने रूप में आ गए। अब टींकू के पिता ने भी उन्हें पहचान लिया और माफी मांगी। अब सब मिलकर खुशी-खुशी एक साथ रहने लगे। उनके पास खाने की भी कमी नहीं थी।



## वीर गाथा

# जगन्नाथ विजयराघवन: आखिरी सांस तक की अपने साथी और विमान को बचाने की कोशिश



फ्लाइट लेफ्टिनेंट जगन्नाथ विजयराघवन का जन्म 18 जुलाई, 1933 को हुआ था। उन्हें उड़ते हुए हवाईजहाजों को देखना बहुत पसंद था। बचपन से जुड़ी यह भावना उन्हें भारतीय वायुसेना में ले आई। उन्हें अप्रैल 1953 में वायुसेना की उड़ान शाखा में कमीशन मिला था।

जगन्नाथ को अप्रैल 1954 में फ्लाइंग ऑफिसर बनाया गया। वे कुछ वर्षों बाद फ्लाइट लेफ्टिनेंट के तौर पर पदोन्नत हुए। अब तक उन्होंने वायुसेना के विभिन्न लड़ाकू विमानों को उड़ाने का अनुभव हासिल कर लिया था।

जगन्नाथ साल 1962 में 53 स्क्वाड्रन के साथ हार्वर्ड टी-6 विमान संचालित कर रहे थे। वे नए पायलटों को प्रशिक्षण भी दे रहे थे। जगन्नाथ दोहरी सीट वाले ट्रेनर विमान में विभिन्न प्रशिक्षु पायलटों के साथ रोजाना ही कई उड़ानें भरते थे। उन्हें 14 मई, 1962 को भी ऐसी एक उड़ान की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

जब जगन्नाथ अपने साथी पायलट के साथ अभ्यास कर रहे थे, तब उन्होंने देखा कि विमान स्पिन से बाहर आने में विफल रहा है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जगन्नाथ ने विमान का नियंत्रण अपने हाथ में लिया, लेकिन वह फिर भी प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था और तेजी से नीचे जा रहा था।

इसके बाद जगन्नाथ ने साथी पायलट को बाहर निकलने का आदेश दिया। तब तक विमान काफी नीचे जा चुका था। साथी पायलट सफलतापूर्वक इजेक्ट कर गए। उन्हें मामूली चोटें आईं।

वहीं, विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और जगन्नाथ वीरगति को प्राप्त हो गए। उन्होंने आखिरी सांस तक अपने साथी और विमान, दोनों को बचाने की कोशिश की। उन्होंने साथी को तो बचा लिया, लेकिन विमान को बचाते हुए बलिदान हो गए।

फ्लाइट लेफ्टिनेंट जगन्नाथ विजयराघवन ने भारतीय वायुसेना की महान परंपराओं का निर्वहन करते हुए वीरता और बलिदान की मिसाल कायम की। उन्हें 'कीर्ति चक्र' से सम्मानित किया गया।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

प्रचार



नाचन विधानसभा के जाछ और जैदेवी में शनिवार को चुनाव प्रचार करती भाजपा प्रत्याशी कंगना रानौत।

# हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट पर 'सिलेब्रिटी' कंगना बनाम 'शाही' विक्रमादित्य का मुकाबला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिमला। सर्वाधिक बार पूर्ववर्ती 'शाही' सदस्यों को चुनने के लिए मशहूर मंडी लोकसभा क्षेत्र में इस बार 'सिलेब्रिटी' कंगना रनौत और 'शाही' हस्ती विक्रमादित्य सिंह के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस सीट से पहली बार किसी महिला और बॉलीवुड हस्ती को मैदान में उतारा है। भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत रामपुर के पूर्ववर्ती 'शाही परिवार' के वंशज और छह बार मुख्यमंत्री रहे दिवंगत वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह को टक्कर देंगी। दोनों प्रतिद्वंद्वियों ने आक्रामक अंदाज में चुनाव प्रचार किया है। विक्रमादित्य ने कंगना पर निशाना साधते हुए निर्वाचन क्षेत्र के विकास के बारे में उनका दृष्टिकोण पूछा। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह एक महीने के राजनीतिक पर्यटन पर हैं और चार जून के बाद अपना बोरिया-बिस्तारा बांधकर बॉलीवुड लौट जाएंगी।

इसके जवाब में कंगना ने विक्रमादित्य और राहुल गांधी का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा था कि दिल्ली में एक बड़ा पप्पू है और हिमाचल में छोटा पप्पू। उन्होंने विक्रमादित्य से पूछा कि जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 250 करोड़ रुपये की शिव धन परियोजना को रोकने, मंडी विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र को कम करने और सुंदरनगर हवाई क्षेत्र परियोजना को दबाने जैसे मंडी विरोधी फैसले लिये, तब वह चुप क्यों रहे। कंगना के मुख्य एजेंडे में दूरदराज के आदिवासी क्षेत्रों में संपर्क सुविधा में सुधार करना और स्थानीय व्यंजनों एवं पारंपरिक परिधानों को लोकप्रिय बनाना, रुकी हुई परियोजनाओं को फिर से शुरू करना और सेराज एवं करसोग में महिला केंद्रित ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना शामिल है।

दूसरी ओर, विक्रमादित्य ने कहा, मंडी को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा। उन्होंने वादा किया कि रोहतांग सुरंग की तर्ज पर जलोड़ी जोत सुरंग का निर्माण किया जाएगा और ब्यास नदी के किनारों के निर्माण के अलावा



चंबा के दूरस्थ पांगी क्षेत्र को तीसा से जोड़ा जाएगा। किसान आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ कंगना द्वारा की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी के मद्देनजर संयुक्त किसान मंच ने विक्रमादित्य को अपना समर्थन दिया है।

दूसरी ओर, कंगना को अप्रत्याशित हलकों से समर्थन मिला है। मंडी से भाजपा का टिकट हासिल करने के इच्छुक रहे महेश्वर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखराम के पोते आश्रय शर्मा और 2021 के संसदीय उपचुनाव में प्रतिभा सिंह से मामूली अंतर से हारने वाले करगिल नायक ब्रिगेडियर खुशाल सिंह ने कंगना का समर्थन किया है। कंगना ने विक्रमादित्य को बिगड़ा हुआ शहजादा एवं पलटू करार दिया और कहा कि वह अपनी ही सरकार की आलोचना करते थे, लेकिन अब उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि कंगना देवभूमि से शुद्ध होकर लौटेंगी।

कंगना अपनी सेलिब्रिटी छवि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राम मंदिर के दम पर चुनाव जीतने की उम्मीद कर रही है, जबकि विक्रमादित्य अपने दिवंगत पिता वीरभद्र सिंह और कांग्रेस की प्रदेश इकाई की प्रमुख एवं मंडी से मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह की विरासत के दम पर जीत की आस लगाए बैठे हैं।

मंडी में 1952 के बाद से दो उपचुनावों सहित हुए कुल 19 संसदीय चुनावों में से कांग्रेस ने 13 बार जीत हासिल की है, जिसमें वीरभद्र सिंह और प्रतिभा सिंह दोनों तीन-तीन बार जीते हैं। इसके अलावा, पूर्ववर्ती रियासतों के वंशज मंडी से 13 बार चुनाव जीते हैं जबकि राजघराने से संबंध नहीं रखने वाले उम्मीदवार छह बार चुने गए। हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा सीट के लिए एक जून को मतदान होगा।

# माथेरान की लोकप्रिय टॉय ट्रेन को दिया जाएगा अतीत के भाप इंजन जैसा रूप

मुंबई/दक्षिण भारत । मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित पर्यटक स्थल माथेरान में संचालित होने वाली टॉय ट्रेन को जल्द ही अतीत के भाप इंजन जैसा रूप दिया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्य रेलवे (सीआर) इस नैरो गेज ट्रेन का परिचालन करती है और उसने इसके गौरवशाली अतीत को पुनर्जीवित करने के लिए इसे विरासत रूप देने का फैसला किया है। यह ट्रेन दुर्गम पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरती है और इससे घने जंगलों और घाटी के सुरम्य दृश्य दिखाई देते हैं। अधिकारियों ने कहा कि नए भाप इंजन का रूप देने के बावजूद भी ट्रेन डीजल से ही संचलित होगी। मध्य रेलवे के प्रमुख जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने कहा, अभियंताओं और तकनीशियनों की एक विशेष टीम भाप से चलने वाले इंजन का प्रतिरूप तैयार करने और पुराने रूप को बनाए रखते हुए इंजन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मुंबई के परेल में मध्य रेलवे की कार्यशाला में सातों दिन चौबीसों घंटे काम कर रही है। भाप इंजन जैसा रूप देने की पूरी प्रक्रिया में कई तकनीकी प्रक्रियाएं शामिल हैं जिनमें मौजूदा इंजन के हुड को हटाना, नए हेरिटेज स्टीम लोकोमोटिव-जैसे हुड का निर्माण, वर्तमान डीजल इंजन में बदलाव, स्टीम वेपर लगाना, ध्वनि उत्पन्न करने वाली प्रणाली आदि शामिल हैं।

# नेपाल ने गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण भारतीय मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

काठमांडू। सिंगापुर और हांगकांग के बाद, नेपाल ने भी कथित गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के अनुसार, एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों को संदिग्ध एथिलीन ऑक्साइड या ईटीओ विकार के कारण शुक्रवार से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके तहत एमडीएच के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और मिश्रित मसाला करी पाउडर तथा एवरेस्ट के फिश करी मसाला पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विभाग ने शुक्रवार को जारी एक नोटिस में कहा, चूंकि इन चार उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई है, इसलिए खाद्य विनियमन 2027 बीएस के अनुच्छेद 19 के अनुसार देश के भीतर इन उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। नोटिस में कहा गया, हमारा ध्यान उन मीडिया रिपोर्ट पर गया, जिनमें बाजार में इन घटिया उत्पादों की बिक्री और इनके उपभोग के लिए हानिकारक होने के बारे में बताया गया था। ।

पिछले महीने, सिंगापुर और हांगकांग ने कैंसर से जुड़े कुछ ईटीओ के संदिग्ध ऊंचे स्तर का हवाला देते हुए एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों की बिक्री रोक दी थी।

रैली



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और अमेठी संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा शनिवार को अमेठी में चुनाव प्रचार करते हुए।



# 'हमारे बारह' का टीजर जारी

मुंबई/एजेन्सी

अन्नू कपूर स्टारर फिल्म हमारे बारह पिछले कुछ वक्त से खबरों में बनी हुई है। अब फिल्म का टीज़र सामने आ गया है जिसे देखने के बाद आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। ये फिल्म औरतों की दुर्दशा, जनसंख्या, शिक्षा जैसे अहम पहलुओं पर आधारित है। लेकिन करीब डेढ़ मिनट के टीज़र में आप वो देख लेंगे जो फिल्मों में दिखाए जाने की हिम्मत कम ही मेकर्स कर पाते हैं। इस टीज़र की शुरुआत में मौलवी साहब का किरदार कहता है 'तुम्हारी औरतें तुम्हारी खेती है। आओ और जिस तरह भी चाहो अपनी मर्जी से इन पर खेती करो।' ये डायलॉग सुनने के बाद अगले कुछ सीन आपको हैरान कर देंगे।

इस टीज़र में अन्नू कपूर का किरदार मन में नफरत पैदा कर देगा। मौलवी साहब का किरदार कहता है 'औरत सिर्फ और सिर्फ अपने शौहर की फरमाबरदारी के लिए पैदा की गई है।' 'खुदा की तरफ से इस दुनिया का सबसे बड़ा तोहफा मर्द है।' 'औरतें सलवार के नाड़े की तरह होनी चाहिए, जब तक अंदर रहेंगी बेहतर रहेंगी।' ये दमदार डायलॉग और जबरदस्त सीन बता रहे हैं कि डायरेक्टर कमल चंद्रा ने इस मुद्दे को उठा कर हिम्मत का काम किया है। इस टीज़र में कोर्ट-कचहरी, सड़कों पर झगड़े, कोर्टरूम ड्रामा देखने को मिलने वाला है।

इस टीज़र में अन्नू कपूर और उनकी बीवियों के अलावा एक्टर परितोष त्रिपाठी उनके बेटे किरदार में नज़र आ रहे हैं। पार्थ समथान एक अहम किरदार में हैं। लेकिन इस टीज़र में उन्हें जगह न दे कर ट्रेलर और फिल्म के लिए बचा कर रखा गया है। फिल्म में अश्विनी कलसेकर, मनोज जोशी, राहुल बग्गा जैसे एक्टर्स महत्वपूर्ण किरदारों दिखेंगे हैं। कमल चंद्रा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को राधिका जी फिल्म, न्यूटेक मीडिया एंटरटेनमेंट, रवि एस। गुप्ता, बिरेन्द्र भगत, संजय नागपाल, और शिओ बालक सिंह ने प्रोड्यूस किया है। ये फिल्म 7 जून को रिलीज़ हो रही है।

# धोनी और उनकी पत्नी को मिस्टर एंड मिसेज माही दिखाना चाहती हैं जान्हवी कपूर

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी धोनी को अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही दिखाना चाहती है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। यह फिल्म क्रिकेट पर आधारित है। जान्हवी कपूर ने कहा, हम सभी धोनी के फैन हैं। उन्होंने हमारे देश के लिए बहुत कुछ किया है। मैं यह कहना चाहूंगी कि सिर्फ क्रिकेटर होने के नाते हम उनसे प्यार नहीं करते हैं। उनका मिजाज, उनके उसूल और वो जिस तरह के इंसान हैं, उनका यह पूरा व्यक्तित्व मुझे बहुत पसंद है। हम उन्हें और उनकी वाइफ साक्षी धोनी को यह फिल्म दिखाना चाहते हैं।

राजकुमार राव ने कहा, पूरी दुनिया धोनी की फैन है।धोनी बहुत बड़े लीजेंड पर्सन हैं। लेकिन जिस तरह से वह टीम को लीड करते हैं, वह तारीफ के काबिल है। धोनी बहुत डाउन टू अर्थ और हंबल इंसान हैं। हमें उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके अदंर किसी भी हालात से डील करने की अच्छी समझ है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर के अलावा राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, अभिषेक बनर्जी, जरीना वहाब और अर्जित तनेजा जैसे कलाकार भी दिखाई देंगे।।शरन शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, 31 मई को रिलीज होगी।



# 'हिंदी में रिलीज होगी तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की तमिल फिल्म अरनमनई 4'

मुंबई/एजेन्सी

तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना स्टारर तमिल फिल्म 'अरनमनई 4' हिंदी में 24 मई को रिलीज होगी। अरनमनई 4 ,बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी थी।तमिल वर्जन को दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी खूब सराहा है। इसने बॉक्स ऑफिस पर 70 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।

अब यह फिल्म हिंदी में रिलीज होने के लिए तैयार है।24 मई को हिंदी में हॉरर-कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 रिलीज होगी। 'अरनमनई 4' तमन्ना और राशि के अलावा सुंदर सी,जिसमें रामचन्द्र राजू, संतोष प्रताप, कोवई सरला, योगी बाबू, वीटीवी गणेश, दिल्ली गणेश और के.एस. रविकुमार प्रमुख भूमिका में थे। इसका निर्देशन और लेखन सुंदर सी ने किया है।

# 'छोरी हरियाणे आली' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

एमी विर्क और सोनम बाजवा की आने वाली पंजाबी-हरियाणवी एंटरटेनर फिल्म: कुड़ी हरियाणे वल दी/छोरी हरियाणे आली का टीजर रिलीज हो गया है। एमी विर्क और सोनम बाजवा की सुपरहिट बॉक्स ऑफिस जोड़ी पंजाबी-हरियाणवी एंटरटेनर फिल्म कुड़ी हरियाणे वल दी में एक बार फिर साथ आ रही है, जो 14 जून, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का हरियाणवी शीर्षक है छोरी हरियाणे आली, पहली बार है कि किसी पंजाबी फिल्म के दो शीर्षक हैं और पहली बार पंजाबी सिनेमा में दो संस्कृतियों और दो भाषाओं को समान रूप से संतुलित करने का ऐसा प्रयास किया जा रहा है। सोनम बाजवा अपने करियर में पहली बार एक जाटनी का किरदार निभा रही हैं और पूरी फिल्म में हरियाणवी बोल रही हैं, जबकि एमी विर्क पूरी



फिल्म में पंजाबी बोलने वाले एक देसी जट्ट का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म का टीजर हाल ही में रिलीज किया गया है, जिसे लोग बेहद पसंद कर रहे हैं।यह पहली फिल्म है जो पंजाबी सिनेमा की सीमाओं को पार करते हुए न केवल पंजाब में बल्कि हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में रिलीज होगी।

यह फिल्म कुश्ती और खेल की दुनिया पर केंद्रित एक कॉमेडी, रोमांस एंटरटेनर है, जिसमें पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों और भारत की जाट और जाट संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी स्टार कलाकार हैं। इस फिल्म में हरियाणवी सुपरस्टार अजय हुड्डा, दिग्गज हरियाणवी और बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा हैं, जिन्होंने हाल ही में अपनी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म दादा लखमी के साथ हरियाणवी सिनेमा को पुनर्जीवित किया।

# आत्मविश्वास की कमी से जूझ रही भूमि पेडनेकर ने फैशन की दुनिया का किया था रुख

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने खुलासा किया है कि बड़े होने के दौरान उनमें आत्मविश्वास की कमी थी और उन्होंने खुद की तलाश में फैशन की ओर रुख किया था। भूमि ने कहा, ''मैं जब बड़ी हो रही थी, मुझमें आत्मविश्वास की काफी कमी थी, खास तौर से कुछ ब्यूटी आइडियल जैसी बनने के दबाव के चलते। इसलिए, मैंने खुद की तलाश में फैशन की ओर रुख किया।'' एक्ट्रेस ने कहा, मुझमें उम्र के साथ खूबसूरती और फैशन की समझ बढ़ती गई। भूमि ने कहा कि यह अब सिर्फ अच्छा दिखने या ट्रेंड्स को फॉलो करने की बात नहीं है।

उन्होंने कहा, ''यह मेरे अपने व्यक्तित्व विशेष को अपनाने, अपनी पर्सनालिटी को व्यक्त करने और अपनी खास खूबियों का जश्न मनाने के बारे में है। आज, फैशन और ब्यूटी एक ऐसा जरिया है जिससे मैं खुद को, अपने इमोशनल कैनवास और अपनी मन की स्थिति को जाहिर कर सकती हूं।'' भले ही भूमि को उनके फैशन और स्टाइल स्टेटमेंट पर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली हो, लेकिन भूमि अभी भी अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करना बेहद पसंद करती हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे एक्सपेरिमेंट करना पसंद है। मैं बस फैशन के साथ आनंद लेना चाहती हूं, और मुझे लगता है कि मैं इसे पूरे दिल से कर रही हूं, यही वजह है कि लोग मेरे फैशन की सराहना कर रहे हैं।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, लोगों की किसी को एक दायरे में बांध देने की आदत है और मेरे साथ भी ऐसा हुआ। मैंने अब तक जो भी फिल्में की हैं, उनमें से ज्यादातर में मैंने एक छोटे शहर की लड़की की भूमिका निभाई है और इससे यह धारणा बनी है कि मैं एक आम लड़की की भूमिका में अद्भुत दिख सकती हूं।'

' भूमि को यह पसंद है, लेकिन उनका फैशन उस धारणा को तोड़ता है और लोगों को यह दिखाता है कि वह वास्तव में कौन हैं और कैसी दिखना चाहती हैं। भूमि ने कहा, मैं एक युवा, आत्मविश्वासी भारतीय महिला हूं, जो फैशन के जरिए खुद को अभिव्यक्त कर रही है और मैं अपने लुक को मिल रहे प्यार का आनंद ले रही हूं।



RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

अक्षय तृतीया का पवित्र दिन जैन धर्म के अनुसार इस युग के भिक्षा विधि के प्रारम्भ का दिन हैं। इस दिन भगवान ऋषभदेव के एक वर्ष से ऊपर की तपस्या का पारणा हुआ था। भगवान ऋषभ का तप अनुपमेय था। भगवान ऋषभ इस युग के प्रथम राजा कहलाए, प्रथम मुनि बने, प्रथम भिक्षुक कहलाए और प्रथम तीर्थंकर बने। भगवान ऋषभ का जीवन समग्रता लिए हुए था। जिन्होंने समाज के लिए भी अपना समय लगाया, लोगों को असि, मषि, कृषि का प्रशिक्षण दिया और बाद में साधना में लीन बने।




# मदुरै तेरापंथ युवक परिषद् का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मदुरै। यहां स्थानीय तेरापंथ भवन में आचार्यश्री महाश्रमणजी के शिष्य मुनिश्री रश्मि कुमारजी एवं मुनिश्री प्रियांशु कुमारजी के सान्निध्य में मदुरै तेरापंथ युवक परिषद् का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम हुआ। मुनिश्री ने नमस्कार महामंत्र एवं जप का प्रयोग कराया। अभातेयुप के नीतेश कोठारी एवं अन्य सदस्यों ने सामूहिक विजय गीत का गान किया। परिषद के निवृतमान अध्यक्ष अमृत चोपड़ा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल गीया को शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल गीया ने अपनी नवगठित टीम को शपथ दिलाई। पुरानी टीम ने कार्यभाल नवअध्यक्ष को सौंपा। तेरापंथ सभा की तरफ से तेरापंथ ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश कोठारी, तेरापंथ सभा अध्यक्ष अशोक जीरावला, मंत्री अभिनंदन बागरेचा, अमृत चोपड़ा, नरपत कुमार पारख, नरपतसिंह दुगड़,विजयसिंह भटेरा, श्रेणिक सिंघवी आदि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल गीया एवं मंत्री ऋषभ नाहटा का सम्मान किया। तेरापंथ युवक परिषद मदुरै की नई समिति में अध्यक्ष विशाल गिया, उपाध्यक्ष अरुण गोलेछा और संदीप बोकडिया, मंत्री ऋषभ नाहटा, सह मंत्री अंकित बोथरा और नीलेश संकलेचा, कोषाध्यक्ष बिनीत बोथरा, संगठन मंत्री नितेश कोठारी, निवृतमान अध्यक्ष अमृतलाल चोपड़ा, प्रचार प्रभारी राजकुमार नाहटा, सलाहकार श्रेयांस डागा, पवन चोपड़ा और गौतम गोलेछा को बनाया। वहीं 15 कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन हुआ।




# समर्पण और विनय भाव का संगम हैं आचार्यश्री महाश्रमण : साध्वीश्री उदितयशा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ सभा हनुमंतनगर के तत्वावधान में तेरापंथ भवन में आचार्यश्री महाश्रमणजी का 15वां पाटोत्सव का आयोजन साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में मनाया गया। हनुमंतनगर महिला मंडल की सदस्याओं ने महाश्रमण अष्टकम से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। साध्वी उदितयशाजी ने कहा कि पात्रता हो तो संपदाए स्वयं आयेगी। आचार्य महाश्रमणजी ने समर्पण और विनय द्वारा अपनी पात्रता को उजागर किया। गुरु के वचन के प्रति उनका समर्पण अचम्भित करने वाला है।

आचार्यश्री समर्पित शिष्य थे, जो स्वयं समर्पित शिष्य होता है वही अनुशास्ता बन सकता है। जो समर्पित होता है वही अच्छा नेता बन सकता है। आज हम भी चिंतन करे की हम भी उनके शिष्य है हमारे शिष्यस्थ कैसे सुरक्षित रहे इसका हमें ध्यान देना है।

साध्वी प्रभाजी ने आराधक से आराध्य बने आचार्यश्री के गुणों का विश्लेषण किया तथा आचार्यश्री तुलसी एवं महाप्रज्ञजी को अपनी ओर आकर्षित किया था। उनकी दृष्टि संयम, श्रमनिष्ठा और पापभिरुता का गुण अनुत्तर है। साध्वी भव्ययशाजी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए उनके गुणों को आत्मसात करने के टिप्स दिये। सभा अध्यक्ष तेजमल सिंघवी ने अपने विचार रखे । संगीता तातेड ने अपनी श्रद्धा अभिव्यक्ति की। तेयुप संचालित सुरसंगम सदस्यों व महिलामण्डल ने समवेत स्वरों में भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इस अवसर पर हनुमंतनगर सभा, महिला मंडल, तेयुप पदाधिकारी व सदस्यगण एवं श्रावक , श्राविकावों की अच्छी उपस्थिति रही।




# गणगौर द्वारा नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। राजस्थानी एसोसियेशन तमिलनाडु की महिला इकाई गणगौर ने निशुल्क मौखिक, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच शिविर का दक्षिण रेलवे के चेन्नई विभाग के मुख्य कार्यालय में आयोजन किया गया। गणगौर की अध्यक्ष रेखा सिंघी ने पधारे हुए सभी जनों का स्वागत किया। दक्षिण रेलवे के चेन्नई विभाग के मंडल रेल प्रबंधक बी विश्वनाथ एरिया का शाल और स्मृति चिन्ह द्वारा कोऑर्डिनेटर विनोद जैन और अध्यक्ष रेखा सिंघी ने स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रायोजक राहुल दीपचंद पप्पू शा लूनिया का स्वागत रजत के अध्यक्ष प्रवीण टाटिया और सचिव हेमंत डुगड ने किया। जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी को चिकित्साधिकारी तमीलमनी सहयोग हेतु उनका सम्मान साल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा कोऑर्डिनेटर ललित कटारिया और को चेयरपर्सन ममता अग्रवाल ने किया।

डिविजनल रेलवे मैनेजर ने गणगौर के इस अभियान के लिए उन्हें खूब आशीर्वाद दिया और इस तरीके के जांच शिविर निरंतर लगवाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दक्षिण रेलवे के चेन्नई विभाग से दिया जाएगा। प्रवीण टाटिया ने गणगौर कई वर्षों से इस तरीके के जांच शिविर करते आए हैं उसकी जानकारी सभी को दी। इस शिविर में 55 से अधिक महिलाओं की पूर्ण जांच से लाभान्वित हुई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर शोभा जैस्मिन दक्षिण रेलवे चेन्नई विभाग और डॉक्टर पुण्यकोटी का विशेष सहयोग इस शिविर में प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में कांता बिसानी, शिखा जैन, सिल्की गुप्ता, सरोज जैन, प्रीति गुप्ता, पुनीता खेमका, प्रिया जैन, दीपशिखा जैन, ज्ञानचंद कोठारी, पुनमचंद माण्डोत का विशेष योगदान रहा। शालिनी अग्रवाल द्वारा मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन ममता अग्रवाल ने दिया।

## स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस के राज्याध्यक्ष सेल्वपेरुंतगै के कोयंबतूर आगमन पर कोयंबतूर जिला कांग्रेस के सचिव गोपाल सिंह अराबा के साथ रावल सिंह राजपुरोहित बावड़ी व अन्य कई गणमान्यजनों ने स्वागत अभिनंदन किया और सफल कार्यकाल की शुभकामना प्रदान किया। ज्ञातव्य हो ही अभी कुछ महीनों पूर्व ही सेल्वपेरुंतगै की नियुक्ति अध्यक्ष के रूप में हुई है।



# मोक्ष जाने का मार्ग वीतरागता का मार्ग है : आचार्यश्री प्रसन्नसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन भवन में गतिमान धर्म व संस्कार शिविर में चौथे दिन आचार्यश्री प्रसन्नसागर जी महाराज ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन जीने के महत्वपूर्ण सूत्र सिखाते हुए कहा कि मोक्षमार्ग एक शेड्यूल है। अनंतकाल से इसमें कोई अंतर नहीं आया है।

मोक्ष जाने का मार्ग वीतरागता का मार्ग है। आचार्यश्री ने कहा कि जीवन में जीते जी चार काम अवश्य कर लेना, तीर्थंकरों की शाश्वत जन्म भूमि अयोध्या, तीर्थंकरों की शाश्वत निर्वाण भूमि तीर्थराज सम्मेदशिखरजी, मनोबल को बढ़ाने के लिए गोमटेश्वर भगवान बाहुबली के दर्शन, किसी मुनिराज को आहार देना, किसी मुनि की समाधि जरुर देखना और अपने समाधिमरण की भावना भाना चाहिए। जब भी मोक्षमार्ग खुलेगा, देव-शास्त्र-गुरु की विनय से ही मिलेगा। हमने जो पाया वो गुरुकृपा थी, गुरु की मेहरबानी थी और जो खोया वो हमारी नादानी थी।

डॉ मुनि सहजसागरजी ने जीवन में पुण्य को बढ़ाने के गुरु सिखाए। व्यक्ति को कुलाचार श्रावकाचार का पालन करें । अशुभ को छोड़ें, शुभ में लगे, तभी हमारे जीवन का कल्याण होगा।

# समवसरण, सर्वोदय और वीरशासन जयंती

डॉ. दिलीप धींग

संवत् 2581 पूर्व बैशाख शुक्ल दशमी की घटना। दिन का अंतिम प्रहर था। सूर्य पश्चिम दिशा में ढलने लगा था। उसी समय जंभिय ग्राम के निकट एक खेत में सघन शाल वृक्ष के नीचे गोदुहासन में ध्यानस्थ भगवान महावीर के अंतरलोक में केवल ज्ञान का सूर्य उगा था। असंख्य देव-देवेन्द्र स्वर्ग से धरा पर उतर आए।

उन्होंने ऋजुबालुका नदी के तट पर, जीर्ण उद्यान के पास, श्मामक गाथापति के खेत में तीर्थंकर महावीर का केवलज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया। लेकिन उस संध्याकालीन महोत्सव में भाग लेने के लिए कोई मनुष्य नहीं पहुंच पाया था। मनुष्य के बगैर कोई महोत्सव पूरा नहीं हो सकता। अतः दूसरे दिन अर्थात् बैशाख शुक्ल एकादशी को मध्यम पावा के महासेन वन में भगवान महावीर का समवसरण लगा।

समवसरण (धर्मसभा) में सबको समान अवसर मिलता है। मनुष्य, देव और पशु-पक्षी, सभी उनके समवसरण में आ उपस्थित हुए। लाखों की परिषद को भगवान महावीर ने लोकभाषा प्राकृत में उपदेश दिया। उनकी देशना सुनकर किसी ने अणुव्रत, तो किसी ने महाव्रत ग्रहण किये। गौतम स्वामी और सुधर्मा स्वामी जैसे महापंडित, दासी के रूप में बाजार में बिकी राजकुमारी चंदनबाला सहित सभी वर्गों के हजारों व्यक्ति दीक्षित हुए। पिछले 23 तीर्थंकरों की तरह भगवान महावीर ने भी साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका रूप चार तीर्थ की स्थापना की।

जैन धर्म की एक विशेषता यह है कि इसमें साधना के सुपथ पर चलने वाले मनुष्य को ही तीर्थ की संज्ञा दी गई। तीसरी सदी के आचार्य समंतभद्र ने भगवान महावीर के तीर्थ को सर्वोदय तीर्थ कहा है। वास्तव में उनका तीर्थ सर्वोदयी है। उसमें सबको योग्यता के आधार पर स्थान व सम्मान मिलता है। वहाँ सभी अपना समग्र विकास कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने भी अपने तरीके से सर्वोदय के विचार को आगे बढ़ाया। वीरशासन जयंती समवसरण की भावना से अनुप्राणित है। सर्वोदय के विचार की पोषक है। आत्म-स्वतंत्रता, सबकी उन्नति, मानवता की भलाई और प्राणी मात्र के हित के लिए यह आज भी प्रासंगिक है।

# भारत में 2018 और 2022 के बीच बड़ी कृषि भूमि के 50 लाख पेड़ हुए गायब : अध्ययन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नयी दिल्ली। भारत में 2018 और 2022 के बीच बड़ी कृषि भूमि के 50 लाख से अधिक पेड़ आंशिक रूप से बदली हुई कृषि प्रथाओं के कारण गायब हो गए, जो चिंताजनक है। यह बात पत्रिका 'नेचर सस्टेनेबिलिटी' में प्रकाशित नये शोध में सामने आयी है। शोधकर्ताओं ने कहा कि गौर करने वाली एक प्रवृत्ति उभर रही है जिसमें कृषि वानिकी प्रणालियों को धान के खेतों में तब्दील किया जा रहा है, भले ही एक निश्चित हानि दर स्वाभाविक रूप से हो सकती है। उन्होंने कहा कि इन कृषि वानिकी क्षेत्रों के भीतर बड़े पेड़ों को हटाया गया है और अब अलग-अलग ब्लॉक वृक्षारोपण में आमतौर पर कम पारिस्थितिकी मूल्य वाले पेड़ लगाये जा रहे हैं।

ब्लॉक वृक्षारोपण में आमतौर पर पेड़ों की कम प्रजातियां शामिल होती हैं। इसकी संख्या में वृद्धि पाई गई है और इसकी पुष्टि तेलंगाना, हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों के कुछ ग्रामीणों ने साक्षात्कार में की। डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं सहित दल ने बताया कि पेड़ों को हटाने का निर्णय अक्सर पेड़ों के कथित कम लाभ से प्रेरित होता है, साथ ही इस चिंता से भी जुड़ा होता है कि नीम जैसे पेड़ों की छाया से फसल की पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि कृषिवानिकी पेड़ भारत के परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, क्योंकि वे हवा से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने की क्षमता के कारण प्राकृतिक जलवायु समाधान होने के साथ-साथ सामाजिक-पारिस्थितिकीय लाभ भी उत्पन्न करते हैं। अनुसंधानकर्ताओं के दल ने इस अध्ययन के लिए ब्लॉक वृक्षारोपण को छोड़कर, लगभग 60 करोड़ कृषि भूमि के पेड़ों की मैपिंग की और पिछले एक दशक में उनपर नजर रखी। उन्होंने पाया कि लगभग 11 प्रतिशत बड़े पेड़ 2018 तक गायब हो गए।

अनुसंधानकर्ताओं ने कहा, इसके अलावा, वर्ष 2018-2022 की अवधि के दौरान, 50 लाख से अधिक बड़े खेत के पेड़, आंशिक रूप से बदली हुई खेती प्रथाओं के कारण गायब हो गए, क्योंकि खेतों के भीतर के पेड़ों को फसल की पैदावार के लिए हानिकारक माना जाता है।

## बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर में शनिवार को हुई भारी बारिश की चलते निचले क्षेत्रों में पानी भर गया। सोमा सुन्दरम मिल रोड स्थित इलेक्ट्रिक बाजार में भी बारिश का असर देखने को मिला। जहां बेसमेन्ट हैं वहां पानी जमा होने से व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा।

# दया की प्रतिमूर्ति एवं साधना के शिखर पुरुष थे प्रभु महावीर : आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरी

**वडगांव/दक्षिण भारत।** शहर के शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी का आगमन हुआ। इस मौके पर आयोजित प्रवचन में आचार्यश्री ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन जन-जन के लिए नहीं अपितु जीव-जीव/जंतु जंतु के लिए समर्पित था। वे दया की प्रतिमूर्ति एवं साधना के शिखर, तप-त्याग-वैराग्य के कोहिनूर थे। विभिन्न प्रदेशों नगरों में विचरण कर सत्यधर्म की ध्वजा लहराई। लम्बे समय तक साधना करते हुए उन्हें केवलज्ञान की सिद्धि मिली थी। वे गुणों के महासागर थे। वे जीवों के राहबर एवं सच्चे जीवन साथ थे। हमारा यह जीवन एक पत्ते की तरह है जो कब पीला पडते ही झड पाए, गिर पड़े पता नहीं चलगा, जीवन क्षणभंगुर है। इस जीवन का कोई भरोसा नहीं है। क्या पता कब सांसें बंद हो जाए और जीवन लीला समाप्त हो जाए। इसलिए धर्मसाधना में आलस-प्रमाद-विलंब नहीं करना चाहिए। समय के छोटे से छोटे हिस्से का भी जो सम्मान करना जानता है, वह अवश्य ही शिखर तक पहुंच सकता है।

# भारत दुनिया में महत्वपूर्ण खनिजों का अग्रणी उत्पादक बनने के मिशन पर : प्रिया अग्रवाल

नई दिल्ली/भाषा। भारत दुनिया में महत्वपूर्ण खनिजों का अग्रणी और सबसे टिकाऊ उत्पादक बनने के मिशन पर है। वेदांत समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने यह बात कही।

कोबाल्ट, तांबा, लिथियम और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का इस्तेमाल पवन टरबाइन से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में होता है। इलेक्ट्रिक कारों के लिए बैटरियों के उत्पादन में महत्वपूर्ण खनिजों की विशेष रूप से मांग है। हेब्बार ने हाल ही में मियामी में बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज ग्लोबल मेटल्स, खनन एवं इस्पात सम्मेलन 2024 में कहा कि खनन और धातु क्षेत्र शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एक बयान में शनिवार को हेब्बर के हवाले से कहा गया, हम भारत के प्राकृतिक संसाधनों के अग्रणी के रूप में अपनी भूमिका को बहुत गंभीरता से लेते हैं और हम इस आर्थिक वृद्धि का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.